हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 15 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 15.1 डिग्री

12 नियमित काउंसिलिंग में चूके पंजीकृत छात्रों को...



12 बैंक कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर...



# पहली बार क्यूआर कोड वाली उत्तरपुस्तिकाएं, बोर्ड खुद ही देगा रफ वर्क के लिए जगह, बैंक में पर्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

सीबीएसई की परीक्षाएं आज से प्रारंभ हो रही हैं। इस बार उत्तरपुस्तिकाओं में कई अहम बदलाव किए गए हैं। साथ ही परीक्षा को लेकर नए नियम भी बनाए गए हैं। इन बदलावों और नियमों की जानकारी विद्यालयों को बोर्ड द्वारा प्रेषित कर दी गई है। चूंकि पहली बार छात्रों के लिए ये व्यवस्थाएं की गई हैं, इसलिए राजधानी के स्कूलों द्वारा छात्रों को वीडियो के माध्यम से इसकी जानकारी दी जा रही है। किए गए बदलावों में सबसे अहम यह है कि छात्रों को इस बार क्यूआर कोड वाली उत्तरपुस्तिकाएं प्रदान की जाएंगी। यह व्यवस्था नकल रोकने के लिए की जा रही है।

सीबीएसई द्वारा अब तक जो उत्तरपुस्तिका विद्यार्थियों को दी जाती रही हैं, उसकी कॉपी करना आसान है। अर्थात सरलता के साथ इस तरह की उत्तरपुस्तिकाएं छापी जा सकती रही हैं। इसके माध्यम से नकल करवाना सक्रिय गैंग के लिए आसान हो जाता है। नई व्यवस्था में यह संभव नहीं हो सकेगा। सभी उत्तरपुस्तिकाओं में क्यूआर कोड लगे होंगे। मूल्यांकन के दौरान क्यूआर कोड के जरिए मॉनिटरिंग होगी। यदि बोर्ड द्वारा भेजी गई उत्तरपुस्तिका के स्थान पर किसी अन्य उत्तरपुस्तिका का इस्तेमाल होगा, तो बोर्ड को इसकी जानकारी मिल जाएगी।

### अंतिम पृष्ठ में नहीं कर सकेंगे रफ वर्क

अब तक विद्यार्थी स्वयं ही स्केल-पेंसिल की मदद से उत्तरपुस्तिका के एक हिस्से में लकीर खींचकर रफ वर्क किया करते थे अथवा अंतिम पृष्ठ में रफ वर्क करते थे। अब से इसकी आवश्यकता नहीं होगी। बोर्ड खुद ही सभी पृष्ठ में दाएं और बाएं ओर लकीर खींचकर छात्रों को देगा। बाएं ओर छात्र केवल प्रश्न क्रमांक ही अंकित कर सकेंगे। जबकि दाएं ओर लकीर के भीतर विद्यार्थी रफ वर्क कर सकेंगे। अंतिम पृष्ठ में रफ वर्क करने की मनाही होगी। इसके अतिरिक्त छात्रों को स्पष्ट रूप से निर्देश किए गए हैं कि वे अपने प्रश्नपत्र पर कुछ भी ना लिखे। हालांकि पूर्व में भी यह व्यवस्था थी, लेकिन नियम नहीं मानने पर कठोर दंड का प्रावधान नहीं था। अब ऐसा नहीं है। यदि छात्रों ने प्रश्नपत्र पर कुछ भी अंकित किया तो उन पर कार्रवाई की जाएगी।

### सीबीएसई की परीक्षाएं आज से, जिले के सभी स्कूलों को बोर्ड ने भेजी गाइडलाइन

- नई व्यवस्था पहली बार, इसलिए स्कूल वीडियो भेजकर छात्रों को समझा रहे बारीकियां




### डेमो देकर समझा रहे

छात्रों के लिए यह बदलाव नया है। वे परीक्षा केंद्र में जाकर घबरा ना जाएं, इसलिए हम उन्हें डेमो देकर समझा रहे हैं। वीडियो के अलावा उन्हें शिक्षक व्यावहारिक रूप से भी इसकी जानकारी दे रहे हैं। - आशुतोष सिंह, प्रबंधक, होलीहार्ट्स

**कुछ घंटे पूर्व लॉकर से निकाले जाएंगे प्रश्नपत्र :** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा अपने प्रश्नपत्र संबंधित जिलों के थाने में रखे जाते हैं। सीबीएसई अपने प्रश्नपत्र बैंक के लॉकर में रखता है। परीक्षा शुरू होने के कुछ घंटे पूर्व ही इन्हें लॉकर से निकाला जाएगा। रायपुर में होलीहार्ट्स, होलीक्रॉस, केपीएस, डीपीएस, कांकेर वेली, महर्षि विद्या मंदिर सहित एक दर्जन से अधिक स्कूलों में केंद्र बनाए गए हैं। राजधानी में दसवीं कक्षा की परीक्षा में 22 हजार तथा बारहवीं की परीक्षा में लगभग 20 हजार विद्यार्थी शामिल होने जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### गाली-गलौज से मना करने पर मारपीट

**रायपुर।** खम्हारडीह थाने में दो पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ गाली-गलौज करने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिवनाथ यादव ने हेमकुमार दीवान के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। शिवनाथ ने पुलिस को बताया कि हेमकुमार शराब के नशे में उसके घर के सामने गाली-गलौज कर रहा था। मना करने पर हेम ने उसके साथ मारपीट की। हेम ने शिवनाथ तथा उसके परिजनों के खिलाफ उस पर गाली-गलौज करने का झूठा आरोप लगाते हुए मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

### विवाह समारोह में गए सीए धर में चोरों का धावा

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में पेशे से एक सीए ने अज्ञात चोर के खिलाफ डेढ़ लाख रुपए से ज्यादा कीमत की सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी रकम चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पंडरी निवासी सत्यनारायण माहेश्वरी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। सत्यनारायण ने पुलिस को बताया कि वो तथा उनके परिजन नौ तथा 11 जनवरी को नागपुर में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए थे। इस दौरान किसी अज्ञात चोर ने उनके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखी नकदी रकम तथा जेवर चोरी कर लिए। सत्यनारायण को उनके घर में काम करने वाली नौकरानी के माध्यम से चोरी की जानकारी मिली।

### चोरी के आरोप में दो नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार



**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व सूने मकान में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो नाबालिग सहित तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरों के कब्जे से दो लाख रुपए कीमत की सोने-चांदी के जेवर जब्त की है। भाठागांव निवासी महेंद्र तिवारी के सूने मकान में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने हिमेंद्र ठाकुर तथा उसके दो अन्य नाबालिग साथियों को गिरफ्तार किया है।

## सेजबहार स्ट्रॉग हाल में सुबह 9 बजे डाकमत पत्रों की गिनती से शुरू होगी मतगणना

# आज खुलेगी महापौर-पार्षदों की किस्मत साढ़े 11 बजे से नतीजे आने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

### ईवीएम मतों की गणना के लिए 104 टेबल और डाकमत पत्रों के लिए 10 टेबल लगेंगे

रायपुर नगर निगम चुनाव के मतों की गिनती शनिवार को सुबह 9 बजे से शुरू होगी। सेजबहार स्ट्रॉग हाल में मतगणना के लिए सारी तैयारी कर ली गई है। मतगणना की शुरुआत डाकमत पत्रों की गिनती के साथ होगी। इसके बाद सीलबंद ईवीएम मशीनों में पड़े वोटों की गिनती की जाएगी। मतगणना स्थल पर मतों की गिनती और उसके रुझान की जानकारी रिटर्निंग ऑफिसरों द्वारा अनाउंसमेंट के माध्यम से दी जाएगी।

### 15 राउंड में होगी गिनती

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत सेजबहार स्थित स्ट्रॉग रूम में मतगणना सुबह 9 बजे से शुरू होगी। सबसे पहले डाक मत पत्रों की गिनती होगी। इसके बाद साढ़े 9 बजे से ईवीएम मशीन से मतों की गणना होगी। 70 वार्डों में महापौर और पार्षद पद के लिए हुए मतदान के लिए लगभग 15 राउंड में गिनती की जाएगी। इसके लिए स्ट्रांग हाल में 104 मतगणना टेबल लगाए गए हैं, साथ ही डाकमत पत्रों की गणना के लिए 10 टेबल लगाए गए हैं।

### पहले चरण में महापौर मतों की गिनती, सुबह 11.30 बजे तक परिणाम आने की संभावना

डाकमत पत्रों की गिनती के बाद ईवीएम मशीनों के मतों की गिनती शुरू होगी। पहले चरण में महापौर पद के लिए किए गए वोटों की गिनती से होगी। इसके लिए सभी 104 टेबलों में पहले महापौर मत वाली ईवीएम मशीनों को खोला जाएगा। बताया गया कि इन ईवीएम को वार्डवार नंबरिंग के अनुसार खोली जाएंगी, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो। इसकी गिनती सुबह करीब साढ़े 9 बजे शुरू होगी। इसे देखते हुए संभावना जताई जा रही है कि गिनती 11.30 बजे तक पूरी कर ली जाएगी, जिसके बाद इसके परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे।



### 70 वार्डों के पार्षद पद के नतीजे दोपहर 2 बजे तक आने की संभावना

महापौर के बाद पार्षद पद के मतों की गिनती शुरू होगी। यह गिनती भी वार्ड के अनुसार की जाएगी। सूत्रों के अनुसार वार्ड के सीरियल नंबर के अनुसार ईवीएम मतों की गणना की जाएगी। इस तह वार्ड नंबर एक से इसकी शुरुआत होगी जो बढ़ते नंबर के अनुसार की जाएगी। पार्षद पद के लिए पड़े वोटों की गणना भी करीब दो घंटे के भीतर पूरी होने की संभावना है। इस तरह दोपहर करीब 2 बजे तक सभी 70 वार्डों के नतीजे भी आने की संभावना है।

### महापौर के 16 एवं पार्षद पद के 306 प्रत्याशियों के लिए कुल 49.58 प्रतिशत पड़े वोट

रायपुर नगर निगम चुनाव में महापौर पद के लिए 16 एवं 70 वार्डों पार्षद पद के लिए कुल 306 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा। इन प्रत्याशियों के लिए कुल 49.58 प्रतिशत वोट पड़े हैं। उल्लेखनीय है कि विधानसभा व लोकसभा चुनाव में मतगणना स्थल पर एलईडी स्क्रीन डिस्प्ले बोर्ड लगाए गए थे। इसके अलावा गणना के रुझान आम लोग भी देख सके। इसके लिए शहर के मुख्य चौक-चौराहों पर लगे एलईडी डिस्प्ले में विभिन्न चैनल के माध्यम से इसका प्रसारण भी किया गया था, लेकिन नगरीय निकाय चुनाव में निर्वाचन आयोग की ओर से कोई व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके कारण आम लोग भी इस बार मतगणना के रोमांच करने वाले रुझान भी देख नहीं पाएंगे।

**सीसीटीवी कैमरों व कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगी मतगणना :** सेजबहार स्ट्रांग हाल में मतगणना के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मतगणना हाल से लेकर मुख्य गेट तक पुलिस अधिकारियों से लेकर कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना स्थल पर जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या विवाद की स्थिति निर्मित न हो पाए और गणना की पारदर्शिता बनी रहे।

## 28 के बाद बजट की राशि से खरीदी पर होगा प्रतिबंध वित्त ने जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

वित्त विभाग ने 2024-25 के बजट की राशि से 28 फरवरी के बाद खरीदी पर प्रतिबंध लगा दिया है। सभी विभागों के लिए जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य की वित्तीय स्थिति को संतुलित बनाए रखने के स्थायी निर्देश प्रसारित किए हैं, उसके बाद भी ये देखा गया है कि वित्तीय वर्ष के अंतिम महीनों में अनेक विभाग जल्दबाजी में केवल बजट का उपयोग करने के लिए आवश्यकता न होने पर सामग्री क्रय करते है। ऐसा करने से शासन की राशि अनावश्यक रूप से अवरुद्ध हो जाती है। यह प्रक्रिया शासन के हित में नहीं है।

- राज्य की वित्तीय स्थिति को संतुलित बनाए रखने के निर्देश

### इन कार्यों के लिए प्रतिबंध से छूट

खरीदी पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद वित्त विभाग ने कुछ कार्यों के लिए प्रतिबंध से छूट दी है। केन्द्रीय क्षेत्रीय योजना, केन्द्र प्रवर्तित योजना (केन्द्रांश प्राप्त होने पर आनुपातिक राज्यांश सहित कुल राशि में से तथा एसएनए स्पर्श हेतु), विदेशी सहायता प्राप्त परियोजना, केन्द्रीय वित्त आयोग की अनुशंसा पर प्राप्त अनुदान, नाबार्ड पोषित योजना, सिडबी, राष्ट्रीय आवास बैंक तथा विशेष केन्द्रीय सहायता पोषित परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए खरीदी जाने वाली सामग्री। निर्माण विभागों (लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा) एवं वन विभाग से संबंधित चालू परियोजनाओं में भंडार की स्थिति का आंकलन करने के उपरांत आगामी एक माह में उपयोग आने वाली सामग्री। जेलों, शासकीय एवं राज्य कर्मचारी बीमा योजनान्तर्गत चल रहे अस्पतालों तथा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित छात्रावासों व आश्रमों में भोजन, कपड़ा, दवाईयों का क्रय तथा अन्य प्रासंगिक व्यय। पोषण आहार हेतु आंगनबाडी केन्द्रों में प्रदाय किए जा रहे खाद्यान का क्रय तथा परिवहन । आसवनियों से खरीदी गई देशी मदिरा का क्रय, पेट्रोल, डीजल, वाहन मरम्मत एवं प्रतिस्थापन मद से वाहनों के क्रय से संबंधित व्यय किए जा सकते हैं। इसके अलावा राजभवन सचिवालय, विधानसभा सचिवालय,मुख्यमंत्री निवास तथा सचिवालय, हाईकोर्ट और संबंधित न्यायालयों पर ये प्रतिबंध लागू नहीं होंगे।

## रातभर के लिए आई थी ठंड, फिर चढ़ेगा पारा...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

उत्तरी हवा के प्रभाव से तापमान में हुई गिरावट से रातभर के लिए ठंड लौट आई थी। हवा का आगमन कमजोर होने से पारा में पुनः बढ़ोतरी होगी। पिछले दो दिन में शहर का न्यूनतम तापमान तीन डिग्री नीचे चला गया था। बदलाव का असर मध्य और उत्तरी क्षेत्र में नहीं हुआ था।

मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है, जिसकी वजह से कभी ठंडकता तो कभी गर्मी का अहसास हो रहा है। गुरु-शुक्रवार की दरम्यानी रात शहर का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री तक पहुंच गया था। इसकी वजह से सुबह के वक्त ठंड का प्रभाव महसूस हुआ। दिन में भी उत्तरी हवा के प्रभाव गर्मी का बहुत तेज असर नहीं हुआ। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अब शुष्क हवाओं का आगमन कमजोर होने के कारण प्रदेश में न्यूनतम तापमान में वृद्धि का दौर एक बार पुनः प्रारंभ होने की संभावना है। अगले दो दिनों रात में ठंड का असर कम होने की संभावना बन रही है। मौसम में बदलाव का असर मध्य हिस्से में ही नजर आएगा। वर्तमान में अंबिकापुर और बलरामपुर में ठंड का प्रभाव बना हुआ है और वहां का तापमान पांच से छह डिग्री के आसपास है। बस्तर में मौसम पूरी तरह सामान्य है। पिछले चौबीस घंटे में सबसे अधिक 33.8 डिग्री तापमान दुर्ग तथा सबसे कम 6.7 डिग्री अंबिकापुर का दर्ज किया गया है।

### उत्तरी हवा कमजोर हुई



## 100 की रफ्तार में अभनपुर से राजिम पहुंची ट्रेन, पहले ट्रायल में नहीं मिली कोई भी खामी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अभनपुर से राजिम तक पटरियों का परीक्षण व निरीक्षण शुक्रवार को किया गया। इस दौरान ट्रेन ने 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से 30 मिनट से भी कम समय में राजिम तक का सफर पूरा किया। इस दौरान ट्रेन से संबंधित सभी तकनीकी पहलुओं की जांच की गई और कोई खामी नहीं पाई गई।

रेलवे अधिकारियों ने ट्रायल के दौरान ट्रेन की गति, ब्रेकिंग सिस्टम, सुरक्षा उपकरणों और अन्य महत्वपूर्ण सुविधाओं का परीक्षण किया। सभी प्रक्रियाएं सही तरीके से काम करती पाई गईं। अधिकारियों ने बताया कि कुछ दिनों तक अभनपुर से राजिम के बीच नवनिर्मित ब्राडगेज रेलवे लाइन पर ट्रायल चलेगा। इस नई ट्रेन सेवा के शुरू होने से न ▶▶शेष पेज 11 पर

### ट्रायल में ट्रेन की गति, ब्रेकिंग सिस्टम, सुरक्षा सुविधाओं और अन्य जरूरी उपकरणों का किया परीक्षण




### पटरियों की पूजा के बाद चलाई ट्रेन

शुक्रवार को ट्रायल से पहले लोको पायलट ने पटरियों की पूजा की, जिसके बाद ट्रेन ने परीक्षण के रूप में सफर शुरू किया। इस ट्रायल के दौरान ट्रेन ने शून्य से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तक की गति हासिल की। पटरियों की सही स्थिति और सुरक्षा मानकों की जांच के लिए हाई स्पीड ट्रेन का संचालन किया गया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह ट्रायल इस मार्ग पर ट्रेन संचालन को सुनिश्चित करने के लिए किया गया है और सभी सुरक्षा उपायों की पुष्टि की गई।

### रेलवे लाइन से दूरी बनाने की अपील

रेलवे प्रशासन की ओर से समस्त जन-सामान्य से अपील की गई है कि वे रेलवे लाइन से पर्याप्त दूरी बनाकर रखें। सभी यात्री समपार फाटकों पर सुरक्षा का ध्यान रखें और सुनिश्चित करें कि ट्रेन न होने पर ही फाटक पार करें। इसके अलावा, प्लेटफार्म में अनावश्यक रूप से टहलने, बिना अनुमति के रेलवे लाइन पार करने, रेलवे लाइन पर बैठने और पशुओं को रेलवे लाइन के पास चराने की अनुमति नहीं है। इस आदेश की अवहेलना होने पर दुर्घटना का खतरा उत्पन्न हो सकता है और ऐसी स्थिति में रेलवे एक्ट के तहत संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### हार्न बजाने के विवाद पर युवक से मारपीट

**रायपुर।** अभनपुर थाने में एक युवक ने दो अन्य युवक के खिलाफ हार्न बजाने के विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। छोटे उरला निवासी अभिषेक कोसले ने देवराज तथा उमेश चेलक के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अभिषेक ने पुलिस को बताया कि वह एक तालाब किनारे बैठा हुआ था, इसी दौरान देवराज तथा उमेश उसके पास पहुंचा और अभिषेक पर अपने मोहल्ले में हार्न बजाकर शोर मचाने का आरोप लगाते हुए मारपीट की।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## गड़बड़ी मिली तो होगी सख्त कार्रवाई

# राशन दुकानों के स्टॉक का होगा सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में सरकारी राशन दुकानों और उनके गोदामों में रखे चावल, शक्कर और नमक के स्टॉक के साथ ऑनलाइन स्टॉक का सत्यापन किया जाएगा। इस सत्यापन के दौरान किसी भी राशन दुकान-गोदाम में रखे स्टॉक और ऑनलाइन स्टॉक में अंतर पाया गया, तो इस मामले में संबंधित दुकान ▶▶शेष पेज 11 पर



### भौतिक सत्यापन के लिए बनेगा एप

भौतिक सत्यापन करने के लिए एप बनाया जाएगा। जिस प्रकार से राइस मिलर्स के भौतिक सत्यापन के लिए एप बनाया गया है, उसी प्रकार पीडीएस स्टॉक की जांच के लिए एप बनाया जाएगा, जिसमें जांच के बाद सत्यापन एवं डेटा की एंट्री की जाएगी।

### जारी किया गया है आदेश

राशन दुकानों में रखे स्टाक का भौतिक सत्यापन कराने शासन स्तर पर आदेश जारी किया गया है। इसके तहत जिले में भी टीम बनाकर जांच कराई जाएगी। इस दौरान जहां भी गड़बड़ी मिलेगी, उस दुकान संचालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया जाएगा।
- भूपेंद्र मिश्रा, नियंत्रक खाद्य विभाग रायपुर

**जन्मदिन उत्सव**
**आज अंतिम दिन**
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि **अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता।** जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, जिसे जमा करने की आज अंतिम तिथि है, पाठक अपना फार्मेट अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### बीस से लखौली में होगी श्री शिव महापुराण कथा



**आरंग।** विवेकानन्द बाल उद्यान लखौली में शिवलिंग स्थापना के शुभ अवसर पर 20 से 26 फरवरी तक साप्ताहिक श्री शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचिका कमल कृष्ण प्रिया पलौद नवा रायपुर वाली है। कथा विवरण की जानकारी देते हुए लक्ष्मीनारायण चंद्राकर ने बताया कि 20 फरवरी को कलश यात्र, कथा महात्म्य, 21 को आदि शिवलिंग उत्तपत्ति, रुद्राक्ष भस्म महिमा, 22 को नारद मोह कथा, कुबेर का पूर्व चरित्र, 23 को सती चरित्र, श्री शिव पार्वती विवाह, 24 को श्री कार्तिक व गणेश जी का प्राकट्य कथा, 25 को वाणासुर पर कृपा, नर्मदेश्वर शिवलिंग कथा एवं 26 को द्वादश ज्योतिलिंग महात्म्य कथा वर्णन के साथ कथा की समाप्ति होगी।

### आज से ग्राम फरफौद में शिव महापुराण की कथा

**आरंग।** ग्राम फरफौद के गांधी नगर (भाटापारा) में 15 से 20 फरवरी तक 5 दिवसीय शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में 15 फरवरी को कलश यात्र, देवस्थापना, पुराण महत्य, 16 को शिव–सती विवाह, नारद मोह, 18 फरवरी को पराजपति दक्ष तपस्या, शिव अवतार, 19 फरवरी को शिव पार्वती विवाह एवं 20 फरवरी को कार्तिक गणेश जन्म पूर्णाहुति एवं भव्य शोभायात्र होगा। कथा वाचक टिकम शरण हरदी (छूरा) वाले एवम परायणकर्ता नूतन प्रसाद मिश्रा होंगे।

### आरंग विस के 16 प्रत्याशी हुए कांग्रेस से निष्कासित

**आरंग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर (ग्रामीण) द्वारा ब्लाक कांग्रेस कमेटी–आरंग (विधानसभा आरंग) अंतर्गत नगर पालिका परिषद आरंग एवं मंदिरहसौद तथा नगर पंचायत चंदखुरी के नगरीय निकाय चुनाव 2025 में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे कांग्रेस के बागी प्रत्याशियों एवं पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को 13 फरवरी को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (इंडियन नेशनल कांग्रेस) के प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षोंर् के लिए निष्कासित कर दिया गया है। निष्कासित प्रत्याशियों में नगर पालिका आरंग से रमेश तिवारी, करुणा तिवारी, दाऊलाल लोधी, लक्ष्मीनारायण लोधी, भगवती लोधी, कैलाश ठाकुर, योगेन्द्र वर्मा, प्रद्युम्न शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, नगर पालिका मंदिरहसौद से हेमलता साहू, विक्की साहू, चेतन कन्नौजे, सुरेश यादव, किशोर निर्मलकर, इन्दू निर्मलकर व नगर पंचायत चंदखुरी से अ"वनी कुमार चेलक है।

### सार्वजनिक जगह पर कचरा डालते ट्रैक्टर ट्राली जब्त

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के जोन 9 क्षेत्र में कुशाभाउ ठाकरे वार्ड में राजवाड़ा सिटी के आगे सार्वजनिक जगह पर कचरा डालते हुए एक ट्रैक्टर ट्राली को नगर निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए जब्त किया है। जोन 9 प्रभारी अधिकारी निगम उपायुक्त डा. अंजलि शर्मा, जोन कमिश्नर संतोष पांडेय सहित अन्य अधिकारी शुक्रवार को स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान की तैयारियों के निरीक्षण पर निकले हुए थे। इस दौरान कुशाभाउ ठाकरे वार्ड क्षेत्र में राजवाड़ा सिटी के आगे सार्वजनिक जगह पर एक ट्रैक्टर ट्राली के चालक को ट्रैक्टर में लदा कचरा को वहां डालते देखा। इस पर अधिकारियों ने तत्काल ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे जब्त किया। पूछताछ पर पता चला कि ट्रैक्टर बिरगांव का है। इस मामले में ट्रैक्टर चालक के खिलाफ भी नियम के तहत कार्रवाई की गई।

### रोटरी क्लब ने एसएसपी को किया सम्मानित

**रायपुर।** राजधानी में विगत दिनों हुई 60 लाख रुपए की डकैती के मामले को महज 36 घंटे के भीतर सुलझाने और अपराधियों को गिरफ्तार करने में मिली सफलता के लिए रायपुर पुलिस की सराहना की जा रही है। रायपुर पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के लिए रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर के सदस्यों ने क्लब के अध्यक्ष पंकज चोपड़ा के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह का सम्मान किया।

# प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए केंद्र से 3324 करोड़ रुपए की वार्षिक योजना मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती से छत्तीसगढ़ का चौतरफा विकास होगा : बृजमोहन**



रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास, सुधार और सुदृढ़ीकरण को लेकर लोकसभा में सवाल उठाया। इस पर केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन जयराम गडकरी ने जानकारी दी है कि छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास को गति देने के लिए केंद्र सरकार ने 3324 करोड़ रुपए की वार्षिक योजना को अंतिम रूप दिया है। श्री गडकरी ने बताया, छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्र सरकार को 1354 करोड़ रुपए की लागत से 141 किलोमीटर लंबाई के राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास हेतु 16 प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं। इनमें से 365.293 करोड़ रुपए की लागत वाले 30.3 किलोमीटर की कुल लंबाई के 5 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है, जबकि शेष प्रस्तावों की जांच जारी है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्गों का घनत्व 26.78 किमी प्रति 1000 वर्ग किमी है, जबकि पूरे देश में यह औसतन 44.47 किमी प्रति 1000 वर्ग किमी है। राज्य में कुल 3607 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग हैं, जिनमें 1129 किमी चार लेन, 93 किमी चार से अधिक, 1282 किमी पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन, 853.84 किमी दो लेन और 249 किमी 2 लेन से कम की श्रेणी में आते हैं। राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाता है और इन्हें यातायात आवश्यकताओं के आधार पर पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में सड़क विकास के इस नए युग के लिए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया।

### मतगणना के लिए बनाए गए हैं अलग-अलग मतगणना केंद्र

# नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में मतगणना की तैयारी पूरी, मतों की गिनती सुबह 9 बजे से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम की तरह जिले के 5 नगर पालिका परिषद एवं 5 नगर पंचायतों में अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए हुए चुनाव के बाद मतों की गणना भी शनिवार को सुबह 9 बजे से शुरू होगी। इसके लिए मतगणना स्थलों पर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। नगर पालिका में आरंग, तिल्दा-नेवरा, अभनपुर, गोबरा-नवापारा एवं मंदिर हसौद है, वहीं नगर पंचायत में कुंरा, माना कैंप, खरोरा, चंदखुरी तथा समोदा शामिल है। सभी नगर पालिका और नगर पंचायतों में मतगणना के लिए अलग-अलग मतगणना केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें टेबलों की संख्या भी अलग-अलग है। डाकमत पत्रों की गणना के लिए नगर पालिका एवं नगर पंचायत मतगणना केंद्रों में एक-एक अतिरिक्त टेबल लगाया जाएगा। मतों की गिनती डाकमत पत्रों से होगी। इसके बाद ईवीएम मतों की गिनती होगी।

**आरंग में मतगणना के लिए 17 टेबल**

आरंग में 17 वार्डों के 25 मतदान केंद्रों में मतगणना के लिए कुल 18 मतगणना टीम लगाई गई है। इसके लिए 17 मतगणना टेबल और एक डाकमत पत्रों की गणना के लिए टेबल लगाया जाएगा। यहां 2 राउंड में मतगणना पूरी होने की संभावना है।




**ये सामग्री नहीं ले जा सकेंगे मतगणना केंद्र में**

मतगणना स्थल में प्रत्याशी या अन्य कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण जैसे मोबाइल, आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वाच सहित अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण नहीं ले जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सभी मतदान केंद्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं, साथ ही सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

**तिल्दा-नेवरा में 9 टेबल**

इसी प्रकार तिल्दा-नेवरा में 22 वार्डों के 31 मतदान केंद्रों में मतगणना के लिए कुल 9 टेबल लगाये गये हैं। इसमें एक पोस्टर बैलेट का टेबल शामिल है। यहां 4 राउंड में मतगणना पूरी होने की संभावना है।

**अभनपुर में 16 टेबल**

अभनपुर में 15 वार्डों के 15 मतदान केंद्रों में मतगणना के लिए कुल 16 टेबल लगाये गये हैं। इसमें पोस्टल बैलेट का एक टेबल शामिल है। यहां 1 राउंड में मतगणना पूरी होने की संभावना है।

**गोबरा-नवापारा में 8 टेबल**

गोबरा-नवापारा में 21 वार्डों के 26 मतदान केंद्रों में मतगणना के लिए कुल 8 टेबल लगाये गये हैं। यहां भी पोस्टल बैलेट का एक टेबल होगा। यहां 4 राउंड में मतगणना पूरी होने की संभावना है।

**मंदिर हसौद में 10 टेबल**

मंदिर हसौद में 20 वार्डों के 23 मतदान केंद्रों में मतगणना के लिए कुल 10 टेबल लगाये गये हैं। इसमें पोस्टल बैलेट का एक टेबल शामिल है। यहां 3 राउंड में मतगणना पूरी होने की संभावना है।

**कुंरा में 6 टेबल**

नगर पंचायतों में से कुंरा में 15 वार्डों के 15 मतदान केंद्रों में मतगणना के लिए कुल 6 टेबल लगाये गये हैं। इसमें पोस्टल बैलेट का एक टेबल शामिल है। यहां 3 राउंड में मतगणना पूरी होने की संभावना है।

**माना कैंप में 9 टेबल**

इसी प्रकार माना कैंप में 15 वार्डों के 15 मतदान केंद्रों में मतगणना के लिए कुल 9 टेबल लगाये गये हैं। इसमें पोस्टल बैलेट का एक टेबल शामिल है। यहां 2 राउंड में मतगणना पूरी होने की संभावना है।

**खरोरा में 16 टेबल**

खरोरा में 15 वार्डों के 15 मतदान केंद्रों में मतगणना के लिए कुल 16 टेबल लगाये गये हैं। इसमें पोस्टल बैलेट का एक टेबल शामिल है। यहां 1 राउंड में मतगणना पूरी होने की संभावना है।

**चंदखुरी में 16 टेबल**

चंदखुरी में भी 15 वार्डों के 15 मतदान केंद्रों में मतगणना के लिए कुल 16 टेबल लगाये गये हैं। इसमें पोस्टल बैलेट का एक टेबल शामिल है। यहां 1 राउंड में मतगणना पूरी होने की संभावना है।

**समोदा में 16 टेबल**

समोदा में 15 वार्डों के 15 मतदान केंद्रों में मतगणना के लिए कुल 16 टेबल लगाये गये हैं। इसमें पोस्टल बैलेट का एक टेबल शामिल है। यहां एक ही राउंड में मतगणना पूरी होने की संभावना है।

# पुलवामा के शहीदों को गुखेरा में दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

शुक्रवार को शासकीय प्राथमिक व पूर्वमाध्यमिक शाला गुखेरा संकुल खमतराई के विद्यार्थियों ने पुलवामा के शहीदों को नमन करते हुए वीर चक्र से सम्मानित अभिनंदन को याद किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कविताओं एवं देशभक्ति नारों के साथ अपनी राष्ट्रीय भावना प्रदर्शित की। साथ ही सीएसी हरीश दीवान ने कहा कि आज का दिन 40 से भी अधिक वीर जवानों के शहादत के रूप में याद किया जाता है उन्होंने बच्चों के उत्साह की प्रशंसा की। प्रधान पाठक अरविंद वैष्णव ने बच्चों को सरल भाषा में समझाते हुए कहा कि 14 फरवरी वह तारीख है जिसे देश कभी भुला नहीं सकता। पुलवामा आतंकी हमले को भले ही 6 साल हो गए मगर इसकी कसक और दर्द आज भी लोगों के जहन में ताजा है और इसे ब्लैक डे के नाम से जाना जाता है। वही अन्य शिक्षकगण —ष्णकांत साहू, रामनारायण कन्नौजे, नोहर लाल यादव, नीता कन्नौजे ने भी अभिनन्दन की शौर्य गाथा बताते हुए विद्यार्थियों को भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुभाष चंद्र बोस, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, शहीद वीर नारायण सिंह के आजादी में योगदान के बारे में बताया। सहभागी विद्यार्थी सोनाक्षी सोनवानी, रिया यादव, नेपाली करकेल, निधि खूंटे, मेघराज बंजारे, नेहा जोशी, मोहित ढीढी आदि को लेखनी देकर उत्साह बढ़ाया गया।

# पालिका अध्यक्ष व पार्षद चुनाव के परिणाम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

विगत 11 फरवरी को नगर पालिका तिल्दा नेवरा के अध्यक्ष एवं पार्षदों के लिए मतदाताओं ने बढ़ चढ़ कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। तिल्दा नेवरा में 22 वार्ड है। जहां कांग्रेस भाजपा के अलावा कुछ वार्डो में निर्दलीय भी कमाल दिखा सकते है।

वहीं अध्यक्ष पद के लिए 7 लोग चुनावी मैदान में उतरे थे लेकिन मुख्य मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी लक्ष्मीनारायण वर्मा छोटू एवं भाजपा प्रत्याशी श्रीमती चंद्रकला वर्मा के बीच ही है। इधर मतगणना के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। निर्वाचन अधिकारी एसडीएम आशुतोष देवांगन ने बताया कि 4 राउंड में मतों की गिनती की जाएगी।

ईवीएम मशीनों को कड़ी निगरानी के बीच स्ट्रांग रूम में रखा गया है। कल 15 फरवरी की सुबह 9 बजे से मतों की गिनती प्रारंभ की जाएगी। साथ ही चार राउंड की गिनती की जाएगी। जिसके बाद परिणामों की घोषणा को जाएगी। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष का ताज किसके सिर पर होगा यह दोपहर 12 बजे के पहले तक पता चल जाएगा।

# एसएसपी, निगम कमिश्नर व जिला पंचायत सीईओ ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम रायपुर चुनाव के बाद शनिवार को सेजबहार इंजीनियरिंग कॉलेज स्ट्रांग रूम में मतों की गणना की जाएगी। इसके लिए सारी तैयारियां कर ली गई हैं। मतगणना के एक दिन पूर्व नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप और जिले के एसएसपी डा. लालउम्मेद सिंह ने संयुक्त रूप से मतगणना स्थल पर की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतगणना की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को सभी आवश्यक व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए, जिससे मतगणना की प्रक्रिया तेजी से और पारदर्शी तरीके से पूर्ण हो सके।

**सुरक्षा उपकरण एवं कर्मियों का लिया जायजा**

मतगणना स्थल का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों ने सुरक्षा कर्मियों की तैनाती सहित सुरक्षा उपकरणों का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर व आरओ कीर्तिमान सिंह राठौर, एडीएम देवेंद्र पटेल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे सहित जिले के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# क्रांग्रेस की बैठक में मतगणना की तैयारी पर की गई चर्चा

**तिल्दा नेवरा।** 15 फरवरी को नगर पालिका चुनाव हेतु मतगणना का कार्य सुबह प्रारंभ किया जाएगा, जिसके लिए आज शाम कांग्रेस भवन नेवरा में अध्यक्ष सहित सभी पार्षद प्रत्याशियों की बैठक आहूत की गई एवं उन्हें मतगणना संबंधी जानकारी दी गई।

बैठक में पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी ने सभी प्रत्याशियों एवं एजेंटों को सभी पहलुओं पर जानकारी दी गई। बैठक को अध्यक्ष प्रत्याशी लक्ष्मीनारायण वर्मा ने भी संबोधित किया।

# यशवंत का चल रहा धुआंधार दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



रायपुर जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 से गाड़ी चुनाव चिन्ह पर खड़े पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू के बेटे यशवंत साहू का धुआंधार चुनाव प्रचार चल रहा है। गांव-गांव में उनका शानदार स्वागत हो रहा है। उनके काफिले में समर्थको एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बड़ी भीड़ चल रही है।

वे पूरा एक राऊंड का दौरा तोरला से लेकर कठिया, तर्रा, नवागांव, उगेतरा, खरखराडीह, तेंदुवा, चेरिया, बंजारी, कुरूं, मंदलोर, पोड़, डंगनिया, जौंदा, जौंदी, चंपारण, सेम्हरा ,टीला, भोथीडीह, भुरका, घोरभट्ठी, डोमा, तामासिवनी, चरोदा, भिलाई, खपरी, गिधवा, छटेरा, बनचरौदा, गौरभांठा, कुम्हारी में जनसंपर्क करते हुए पूरा कर लिया है। अपने चुनाव प्रचार के दौरान यशवंत साहू क्षेत्र के लोगों से साफ-साफ कह रहे है कि क्षेत्र की समस्याओं के लिए वे सदैव सजग रहकर जनता के संपर्क में निरंतर बने रहेंगे। हर सुख-दुख में सहभागी होंगे और अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए क्षेत्र के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कह रहे हैं।

# यशवंत का रोड शो व बाइक रैली आज



**नवापारा-राजिम।** शनिवार को जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 में गाड़ी छाप चुनाव चिन्ह पर खड़े जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी यशवंत-धनेन्द्र साहू का रोड शो एवं शानदार बाइक रैली क्षेत्र के 33 ग्रामों का भ्रमण करेगी। श्री साहू के चुनाव कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक यह रैली ग्राम तोरला से प्रारंभ होकर पूरे क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के तहत रोड शो भी की जाएगी। प्रत्याशी यशवंत-धनेन्द्र साहू ने कहा कि यह रैली सिर्फ एक चुनावी आयोजन नहीं, बल्कि विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का परिचायक है। हम सभी को मिलकर अपने क्षेत्र के उज्जवल भविष्य के लिए कार्य करना होगा। इस ऐतिहासिक रैली में जिले के गणमान्य नागरिक, वरिष्ठ समाजसेवी, युवा नेता, कार्यकर्ता एवं आमजन भारी संख्या में उपस्थित रहेंगे। अतः सभी युवाओं, नागरिकों और समर्थकों से आग्रह है कि इस महाआयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर यशवंत-धनेन्द्र साहू के विजयी अभियान को और अधिक मजबूती प्रदान करें।

### लौह अयस्क ब्लॉकों की नीलामी के लिए प्री-बिड कॉन्फ्रेंस

# बैलाडीला क्षेत्र भारत के इस्पात उद्योग की रीढ़ : दयानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खनिज विभाग के सचिव पी. दयानंद ने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संसाधनों के मामले में अपार संभावनाओं वाला राज्य है, जो उद्योग, व्यापार और रोजगार के क्षेत्र में व्यापक विकास का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में छत्तीसगढ़ की भूमिका अहम होगी, क्योंकि यहां उच्च गुणवत्ता वाले लौह अयस्क के विशाल भंडार उपलब्ध हैं। उन्होंने बोलीदाताओं को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए आश्वस्त किया कि सरकार उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि बैलाडीला क्षेत्र भारत के इस्पात उद्योग की रीढ़ है और इस क्षेत्र के विकास से स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार में व्यापक वृद्धि होगी। खनिज सचिव ने यह बात संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म, छत्तीसगढ़ द्वारा बस्तर के बैलाडीला क्षेत्र के लौह अयस्क ब्लॉकों की नीलामी को लेकर नवा रायपुर के न्यू सर्किट हाउस स्थित कन्वेंशन हॉल में 'प्री-बिड कॉन्फ्रेंस' में कही। इस बैठक में देशभर से आए खनन निवेशकों और बोलीदाताओं ने भाग लिया, जहां नीलामी प्रक्रिया, निवेश अवसरों, और खनिज संसाधनों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में स्थित तीन विश्व स्तरीय लौह अयस्क ब्लॉक एवं उत्तर बस्तर कांकेर के एक ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया पर चर्चा की गई। खनिज विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर दिए और ई-नीलामी प्रक्रिया को विस्तार से समझाया।

जीएसआई के डिप्टी डायरेक्टर जनरल अमित धारवड़कर ने बताया कि छत्तीसगढ़ देश का दूसरा सबसे समृद्ध खनिज संपन्न राज्य है। उन्होंने कहा कि बैलाडीला से दल्लीराजहरा तक फैला लौह अयस्क क्षेत्र विश्व के महत्वपूर्ण लौह अयस्क भंडारों में गिना जाता है, जो भारत के इस्पात उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म के संचालक सुनील कुमार जैन ने नीलामी प्रक्रिया और लौह अयस्क ब्लॉकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 2030 तक देश में स्टील उत्पादन बढ़ाने के लिए कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है। संयुक्त संचालक एवं नोडल अधिकारी (ऑक्शन) अनुराग दीवान ने कहा कि छत्तीसगढ़ औद्योगिक निवेश के लिए सबसे उपयुक्त राज्यों में से एक है और विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

# कांग्रेस का पंडरिया पालिका चुनाव में शराब और पैसे बांटने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने नगर पालिका पंडरिया चुनाव में विधायक भावना बोहरा पर पैसे और शराब बांटने का आरोप लगाया है।

श्री शुक्ला ने बताया, मतदान प्रभावित करने के लिए पिकअप वाहन में भरकर सैकड़ों की संख्या में पानी के जार (टंकी) जिसके अंदर पानी न होकर नकदी थी, साथ ही रुपयों से भरा 200 लिफाफा, हाट-पाट, शराब की बोतलें लोगों में बांटने के लिए ले जाया जा रहा था, जिसे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पीछा कर पकड़ा। पुलिस द्वारा सारी सामग्री के साथ पिकअप को पकड़कर थाने ले जाया गया, जहां सामान को जप्त करने के बाद भी छोड़ा गया। 9 फरवरी की रात को 1 बजे विधायक भावना बोहरा के बेमेतरा स्कूल का विनीत राजोरिया सफेद औरा कार में 500 के नोट के लिफाफा बांट रहे थे, पता चलने पर जब कांग्रेसजनों ने विरोध किया तथा उनका घेराव किया, तब पुलिस एसडीएम तहसीलदार उस वाहन एवं राजोरिया को थाने ले गए।

## खबर संक्षेप



### सार्वजनिक जगह पर कचरा डालते ट्रैक्टर ट्राली जब्त

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के जोन 9 क्षेत्र में कुशाभाउ ठाकरे वार्ड में राजवाड़ा सिटी के आगे सार्वजनिक जगह पर कचरा डालते हुए एक ट्रैक्टर ट्राली को नगर निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए जब्त किया है। जोन 9 प्रभारी अधिकारी निगम उपायुक्त डा. अंजलि शर्मा, जोन कमिश्नर संतोष पांडेय सहित अन्य अधिकारी शुक्रवार को स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान की तैयारियों के निरीक्षण पर निकले हुए थे। इस दौरान कुशाभाउ ठाकरे वार्ड क्षेत्र में राजवाड़ा सिटी के आगे सार्वजनिक जगह पर एक ट्रैक्टर ट्राली के चालक को ट्रैक्टर में लदा कचरा को वहां डालते देखा। इस पर अधिकारियों ने तत्काल ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे जब्त किया। पूछताछ पर पता चला कि ट्रैक्टर बिरगांव का है। इस मामले में ट्रैक्टर चालक के खिलाफ भी नियम के तहत कार्रवाई की गई।


### रोटरी क्लब ने एसएसपी को किया सम्मानित



**रायपुर।** राजधानी में विगत दिनों हुई 60 लाख रुपए की डकैती के मामले को महज 36 घंटे के भीतर सुलझाने और अपराधियों को गिरफ्तार करने में मिली सफलता के लिए रायपुर पुलिस की सराहना की जा रही है। रायपुर पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के लिए रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर के सदस्यों ने क्लब के अध्यक्ष पंकज चोपड़ा के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह का सम्मान किया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने उन्हें गुलदस्ता और स्मृति चिह्न भेंट कर उनके नेतृत्व में पुलिस टीम की तत्परता और समर्पण की सराहना करते हुए पूरी टीम को बधाई दी। इस दौरान रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर से अध्यक्ष पंकज चोपड़ा, एसके अग्रवाल, मुनीश सग्गर, हेमंत अग्रवाल, रंजन नत्थानी, विनय अग्रवाल, पंकज माहेश्वरी, बीरेंद्र शर्मा, राजेश चौरसिया, राजीव अग्रवाल उपस्थित थे।

### दूसरी बार गरियाबंद जिला प्रभारी बनाए गए विनोद

**रायपुर।** भाजपा के गढ़ में 15 साल बाद कांग्रेस का विधायक बनाने में विनोद तिवारी की कारगर रणनीति काम कर गई थी। धमतरी जिला प्रभारी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री श्री तिवारी को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इस बार भी त्रिस्तरीय



पंचायत चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। यह आदेश पहले चरण के मतदान के ठीक दो दिन पहले जारी किया गया। कांग्रेस पार्टी द्वारा जिला पंचायत के लिए अधिकृत प्रत्याशियों के लिए संगठन को एकजुट कर पूरी 11 सीटें निकालने की चुनौती श्री तिवारी के समक्ष होगी। विदित हो कि विनोद तिवारी इसके पूर्व चुनाव में प्रभारी रहते हुए कांग्रेस के अधिकृत जिला पंचायत सदस्य स्मृति ठाकुर को जिला पंचायत अध्यक्ष बनाने में सफल हुए थे। जबकि उस चुनाव में पार्टी के महज दो अधिकृत प्रत्याशी ही चुनकर आए थे। स्मृति को अध्यक्ष और संजय को उपाध्यक्ष बनाकर दोनों अहम पदों पर कांग्रेस का झंडा गाड़ दिया था। इसके अलावा बिंद्रानवागढ़ सीट को भाजपा का गढ़ माना जाता था। तत्कालीन सरकार के खिलाफ हवा चल रही थी, बावजूद इस सीट से कांग्रेस प्रत्याशी जनक ध्रुव को जीत दिलाने में चुनाव प्रभारी रहे विनोद तिवारी की अहम भूमिका रही। जिला पंचायत उपाध्यक्ष रहे संजय नेताम क्षेत्र क्रमांक 7 से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी घोषित हैं, लेकिन इस सीट पर महिला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रियंका कपिल और कांग्रेसी नेता गोपाल ध्रुव कांग्रेस का समीकरण बिगाड़ रहे। प्रत्याशी श्री नेताम का भी आरोप है कि कई जिम्मेदार व बड़े नेताओं ने ही उन्हें हराने के लिए इन्हें मैदान पर उतारा है। चुनाव प्रभारी नियुक्ति के बाद इस सीट पर चल रही कंट्रोवर्सी पर लगाम लग सकता है।

# प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए केंद्र से 3324 करोड़ रुपए की वार्षिक योजना मंजूर

**हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती से छत्तीसगढ़ का चौतरफा विकास होगा : बृजमोहन अग्रवाल**



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास, सुधार और सुदृढ़ीकरण को लेकर लोकसभा में सवाल उठाया। इस पर केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन जयराम गडकरी ने जानकारी दी है कि छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास को गति देने के लिए केंद्र सरकार ने 3324 करोड़ रुपए की वार्षिक योजना को अंतिम रूप दिया है। श्री गडकरी ने बताया, छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्र सरकार को 1354 करोड़ रुपए की लागत से 141 किलोमीटर लंबाई के राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास हेतु 16 प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं। इनमें से 365.293 करोड़ रुपए की लागत वाले 30.3 किलोमीटर की कुल लंबाई के 5 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है, जबकि शेष प्रस्तावों की जांच जारी है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्गों का घनत्व 26.78 किमी प्रति 1000 वर्ग किमी है, जबकि पूरे देश में यह औसतन 44.47 किमी प्रति 1000 वर्ग किमी है। राज्य में कुल 3607 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग हैं, जिनमें 1129 किमी चार लेन, 93 किमी चार से अधिक, 1282 किमी पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन, 853.84 किमी दो लेन और 249 किमी 2 लेन से कम की श्रेणी में आते हैं। राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाता है और इन्हें यातायात आवश्यकताओं के आधार पर पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में सड़क विकास के इस नए युग के लिए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया।

**मतगणना के लिए बनाए गए हैं अलग-अलग मतगणना केंद्र**

# नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में मतगणना की तैयारी पूरी, मतों की गिनती सुबह 9 बजे से

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर नगर निगम की तरह जिले के 5 नगर पालिका परिषद एवं 5 नगर पंचायतों में अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए हुए चुनाव के बाद मतों की गणना भी शनिवार को सुबह 9 बजे से शुरू होगी। इसके लिए मतगणना स्थलों पर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। नगर पालिका में आरंग, तिल्दा-नेवरा, अभनपुर, गोबरा-नवापारा एवं मंदिर हसौद है, वहीं नगर पंचायत में कुंरा, माना कैंप, खरोरा, चंदखुरी तथा समोदा शामिल है। सभी नगर पालिका और नगर पंचायतों में मतगणना के लिए अलग-अलग मतगणना केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें टेबलों की संख्या भी अलग-अलग है। डाकमत पत्रों की गणना के लिए नगर पालिका एवं नगर पंचायत मतगणना केंद्रों में एक-एक अतिरिक्त टेबल लगाया जाएगा। मतों की गिनती डाकमत पत्रों से होगी। इसके बाद ईवीएम मतों की गिनती होगी।

**आरंग में मतगणना के लिए 17 टेबल**

आरंग में 17 वार्डों के 25 मतदान केंद्रों में मतगणना के लिए कुल 18 मतगणना टीम लगाई गई है। इसके लिए 17 मतगणना टेबल और एक डाकमत पत्रों की गणना के लिए टेबल लगाया जाएगा। यहां 2 राउंड में मतगणना पूरी होने की संभावना है।




### ये सामग्री नहीं ले जा सकेंगे मतगणना केंद्र में

मतगणना स्थल में प्रत्याशी या अन्य कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण जैसे मोबाइल, आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वाच सहित अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण नहीं ले जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सभी मतदान केंद्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं, साथ ही सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

### तिल्दा-नेवरा में 9 टेबल

इसी प्रकार तिल्दा-नेवरा में 22 वार्डों के 31 मतदान केंद्रों में मतगणना के लिए कुल 9 टेबल लगाये गये हैं। इसमें एक पोस्टर बैलेट का टेबल शामिल है। यहां 4 राउंड में मतगणना पूरी होने की संभावना है।

### अभनपुर में 16 टेबल

अभनपुर में 15 वार्डों के 15 मतदान केंद्रों में मतगणना के लिए कुल 16 टेबल लगाये गये हैं। इसमें पोस्टल बैलेट का एक टेबल शामिल है। यहां 1 राउंड में मतगणना पूरी होने की संभावना है।

### गोबरा-नवापारा में 8 टेबल

गोबरा-नवापारा में 21 वार्डों के 26 मतदान केंद्रों में मतगणना के लिए कुल 8 टेबल लगाये गये हैं। यहां भी पोस्टल बैलेट का एक टेबल होगा। यहां 4 राउंड में मतगणना पूरी होने की संभावना है।

### मंदिर हसौद में 10 टेबल

मंदिर हसौद में 20 वार्डों के 23 मतदान केंद्रों में मतगणना के लिए कुल 10 टेबल लगाये गये हैं। इसमें पोस्टल बैलेट का एक टेबल शामिल है। यहां 3 राउंड में मतगणना पूरी होने की संभावना है।

### कुंरा में 6 टेबल

नगर पंचायतों में से कुंरा में 15 वार्डों के 15 मतदान केंद्रों में मतगणना के लिए कुल 6 टेबल लगाये गये हैं। इसमें पोस्टल बैलेट का एक टेबल शामिल है। यहां 3 राउंड में मतगणना पूरी होने की संभावना है।

### माना कैंप में 9 टेबल

इसी प्रकार माना कैंप में 15 वार्डों के 15 मतदान केंद्रों में मतगणना के लिए कुल 9 टेबल लगाये गये हैं। इसमें पोस्टल बैलेट का एक टेबल शामिल है। यहां 2 राउंड में मतगणना पूरी होने की संभावना है।

### खरोरा में 16 टेबल

खरोरा में 15 वार्डों के 15 मतदान केंद्रों में मतगणना के लिए कुल 16 टेबल लगाये गये हैं। इसमें पोस्टल बैलेट का एक टेबल शामिल है। यहां 1 राउंड में मतगणना पूरी होने की संभावना है।

### चंदखुरी में 16 टेबल

चंदखुरी में भी 15 वार्डों के 15 मतदान केंद्रों में मतगणना के लिए कुल 16 टेबल लगाये गये हैं। इसमें पोस्टल बैलेट का एक टेबल शामिल है। यहां 1 राउंड में मतगणना पूरी होने की संभावना है।

### समोदा में 16 टेबल

समोदा में 15 वार्डों के 15 मतदान केंद्रों में मतगणना के लिए कुल 16 टेबल लगाये गये हैं। इसमें पोस्टल बैलेट का एक टेबल शामिल है। यहां एक ही राउंड में मतगणना पूरी होने की संभावना है।

## एसएसपी, निगम कमिश्नर व जिला पंचायत सीईओ ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम रायपुर चुनाव के बाद शनिवार को सेजबहार इंजीनियरिंग कॉलेज स्ट्रांग रूम में मतों की गणना की जाएगी। इसके लिए सारी तैयारियां कर ली गई हैं। मतगणना के एक दिन पूर्व नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप और जिले के एसएसपी डा. लालउम्मेद सिंह ने संयुक्त रूप से मतगणना स्थल पर की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतगणना की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को सभी आवश्यक व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए, जिससे मतगणना की प्रक्रिया तेजी से और पारदर्शी तरीके से पूर्ण हो सके।

### सुरक्षा उपकरण एवं कर्मियों का लिया जायजा

मतगणना स्थल का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों ने सुरक्षा कर्मियों की तैनाती सहित सुरक्षा उपकरणों का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर व आरओ कीर्तिमान सिंह राठौर, एडीएम देवेंद्र पटेल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे सहित जिले के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# डिप्टी सीएम साव बोले- परिणाम हमारे पक्ष में आएंगे, बैज ने भी किया जीत का दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर





- भाजपा ने कहा – चुनाव को पूरी गंभीरता लड़ा है
- कांग्रेस बोली – सरकार के खिलाफ माहौल

प्रदेश में हुए नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम शनिवार को आएंगे। परिणाम आने के पहले भाजपा और कांग्रेस ने जीत का दावा किया है। प्रदेश के डिप्टी अरुण साव ने कहा, हमें भरोसा है चुनाव परिणाम हमारे पक्ष में आएंगे। इधर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने भी जीत का दावा करते हुए कहा, सभी निकायों में कांग्रेस को जीत मिलेगी।

श्री साव ने कहा, भाजपा ने इस चुनाव को पूरी गंभीरता लड़ा है। अटल विश्वास पत्र शहर की जनता के समक्ष प्रस्तुत किया। इसमें नगरीय निकाय के चुनाव के लिए रोड मैप प्रस्तुत किया गया। साथ ही 13 महीने में हमने पूरी प्रतिबद्धता से काम किया है। श्री साव ने कहा, उम्मीद है भाजपा अधिकांश नगरीय निकाय चुनाव जीतेगी। उन्होंने बताया, चुनाव के दौरान अनेक नगरीय निकायों में नामांकन रैली, रोड शो और आमसभाएं की गई। इसमें जनता का जो उत्साह दिखा है, उससे पूरी तरह स्पष्ट है कि नगरीय निकाय चुनाव परिणाम भाजपा के पक्ष में आएंगे। श्री साव ने कहा, नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम लोकसभा, विधानसभा से बेहतर होंगे। श्री साव ने अभी चुनाव परिणाम आने में एक दिन शेष है और कांग्रेस हार के बहाने ढूंढने में लग गई है। सबको मालूम है कि ये ईवीएम पर ठीकरा फोड़ने की भूमिका बना चुके हैं।

### दीपक बैज बोले- सभी निकायों में जीतेंगे कांग्रेस के प्रत्याशी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कांग्रेस की मतगणना की तैयारी पूरी है। सभी निकायों में हमारे कार्यकर्ता पूरी तरह से मतगणना क्षेत्रों में मुस्तैद रहेंगे। मतगणना के दौरान प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सभी जिलों के कंट्रोल रूम से सतत संपर्क में रहेंगे। वरिष्ठ नेताओं को मतगणना के दौरान अपने प्रभार जिलों में रहने को कहा गया है। श्री बैज ने कहा, हम निकाय चुनाव में अपनी जीत का रिकार्ड दोहराएंगे। कांग्रेस अधिकांश निकायों में चुनाव जीतेगी। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के खिलाफ वातावरण है। लोग प्रदेश की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था, रोज हो रही हत्याओं, बलात्कार, लूट, चाकूबाजी की घटनाओं के कारण सरकार से निराश है, भाजपा की श्री साय सरकार ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में जनता को निराश किया है। इसीलिए जनता ने भाजपा के खिलाफ मतदान किया है।

## अंतिम समय तक काउंटिंग सेंटर में रहेंगे एजेंट




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम आज सामने आ जाएंगे। इसके पूर्व शनिवार प्रातःकाल से सेजबहार में होने वाली मतगणना के लिए एजेंट और कार्यकर्ताओं को कांग्रेस ने ट्रेनिंग दी।

कांग्रेस ने अपने सभी कार्यकर्ताओं को अंतिम समय तक काउंटिंग सेंटर में डटे रहने सख्त निर्देश दिए हैं। नगरीय निकाय चुनाव की मतगणना के लिए कांग्रेस ने अपने कार्यकर्ताओं को रायपुर समेत सभी जिलों में ट्रेनिंग दी है। रायपुर में शहर कांग्रेस कमेटी ने सभी मतगणना एजेंटों और प्रत्याशियों की बैठक बुलाई। इस दौरान ईवीएम के सीरीज नंबर चेक करने से लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के दबाव का सामना करने तक कई दिशा-निर्देश दिए गए।

### बताई गईं परेशानियां

काउंटिंग एजेंट को मतगणना के दौरान होने वाली परेशानियों से अवगत कराया गया। साथ ही उन्हें अंतिम समय तक काउंटिंग सेंटर में डटे रहने के निर्देश दिए गए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे और पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने काउंटिंग एजेंट्स और प्रत्याशियों को आपत्तियों के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी।

आज रायपुर के महापौर प्रत्याशी के साथ ही सभी 70 वार्डों के लिए मतों की गिनती की जाएगी। ट्रेनिंग के बाद शहर कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा कि कांग्रेस के काउंटिंग एजेंट्स मतगणना के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एजेंट्स को ईवीएम से लेकर काउंटिंग के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं से सतर्क रहने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## कांग्रेस का पंडरिया पालिका चुनाव में शराब और पैसे बांटने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने नगर पालिका पंडरिया चुनाव में विधायक भावना बोहरा पर पैसे और शराब बांटने का आरोप लगाया है।

श्री शुक्ला ने बताया, मतदान प्रभावित करने के लिए पिकअप वाहन में भरकर सैकड़ों की संख्या में पानी के जार (टंकी) जिसके अंदर पानी न होकर नकदी थी, साथ ही रुपयों से भरा 200 लिफाफा, हाट-पाट, शराब की बोतलें लोगों में बांटने के लिए ले जाया जा रहा था, जिसे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पीछा कर पकड़ा। पुलिस द्वारा सारी सामग्री के साथ पिकअप को पकड़कर थाने ले जाया गया, जहां सामान को जप्त करने के बाद भी



छोड़ा गया। 9 फरवरी की रात को 1 बजे विधायक भावना बोहरा के बेमेतरा स्कूल का विनीत राजोरिया सफेद औरा कार में 500 के नोट के लिफाफा बांट रहे थे, पता चलने पर जब कांग्रेसजनों ने विरोध किया तथा उनका घेराव किया, तब पुलिस एसडीएम तहसीलदार उस वाहन एवं राजोरिया को थाने ले गए।

**लौह अयस्क ब्लॉकों की नीलामी के लिए प्री-बिड कॉन्फ्रेंस**

# बैलाडीला क्षेत्र भारत के इस्पात उद्योग की रीढ़ : दयानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



खनिज विभाग के सचिव पी. दयानंद ने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संसाधनों के मामले में अपार संभावनाओं वाला राज्य है, जो उद्योग, व्यापार और रोजगार के क्षेत्र में व्यापक विकास का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में छत्तीसगढ़ की भूमिका अहम होगी, क्योंकि यहां उच्च गुणवत्ता वाले लौह अयस्क के विशाल भंडार उपलब्ध हैं। उन्होंने बोलीदाताओं को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए आश्वस्त किया कि सरकार उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि बैलाडीला क्षेत्र भारत के इस्पात उद्योग की रीढ़ है और इस क्षेत्र के विकास से स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार में व्यापक वृद्धि होगी। खनिज सचिव ने यह बात संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म, छत्तीसगढ़ द्वारा बस्तर के बैलाडीला क्षेत्र के लौह अयस्क ब्लॉकों की नीलामी को लेकर नवा रायपुर के न्यू सर्किट हाउस स्थित कन्वेंशन हॉल में 'प्री-बिड कॉन्फ्रेंस' में कही। इस बैठक में देशभर से आए खनन निवेशकों और बोलीदाताओं ने भाग लिया, जहां नीलामी प्रक्रिया, निवेश अवसरों, और खनिज संसाधनों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में स्थित तीन विश्व स्तरीय लौह अयस्क ब्लॉक एवं उत्तर बस्तर कांकेर के एक ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया पर चर्चा की गई। खनिज विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर दिए और ई-नीलामी प्रक्रिया को विस्तार से समझाया।

जीएसआई के डिप्टी डायरेक्टर जनरल अमित धारवड़कर ने बताया कि छत्तीसगढ़ देश का दूसरा सबसे समृद्ध खनिज संपन्न राज्य है। उन्होंने कहा कि बैलाडीला से दल्लीराजहरा तक फैला लौह अयस्क क्षेत्र विश्व के महत्वपूर्ण लौह अयस्क भंडारों में गिना जाता है, जो भारत के इस्पात उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म के संचालक सुनील कुमार जैन ने नीलामी प्रक्रिया और लौह अयस्क ब्लॉकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 2030 तक देश में स्टील उत्पादन बढ़ाने के लिए कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है। संयुक्त संचालक एवं नोडल अधिकारी (ऑक्शन) अनुराग दीवान ने कहा कि छत्तीसगढ़ औद्योगिक निवेश के लिए सबसे उपयुक्त राज्यों में से एक है और विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

# रविवि में 8 हजार डिग्रियों की अर्जी पेंडिंग, इसे निपटाने दूसरे विभाग के कर्मचारी अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


पं.रविशंकर शुक्ल विवि परीक्षा प्रबंधन में असफल रहने के बाद छात्रों को उपाधियां वितरित करने में भी नाकाम साबित हो रहा है। रविवि के उपाधि विभाग में डिग्री के लिए लगभग 8 हजार आवेदन पेंडिंग हैं। इन आवेदनों के निपटान में रविवि के पसीने छूट रहे हैं। स्थिति यह है कि यदि किसी विद्यार्थी द्वारा अर्जेंट डिग्री हासिल करने के लिए आवेदन दिया जाता है, तब भी उसे डिग्री आवेदन के कई महीनों बाद मिल रही है। उल्लेखनीय है कि सामान्य अवधि में डिग्री के लिए आवेदन शुल्क कम होता है, जबकि अर्जेंट डिग्री प्राप्त करने के लिए छात्रों को अधिक राशि जमा करनी पड़ती है। अधिक राशि जमा करने के बाद भी महीनों तक विद्यार्थियों को उपाधि नहीं मिल पा रही है। कई बार प्रशासनिक भवन में इसे लेकर वाद-विवाद की स्थिति निर्मित होते रही है। छात्र अपनी उपाधि की जानकारी हासिल करने रोजाना रविवि कैंपस आ रहे हैं। स्थिति को देखते हुए रविवि ने अलग-अलग विभागों से 17 कर्मचारियों को डिग्री विभाग में अटैच कर दिया है। इससे उन विभागों का काम प्रभावित हो रहा है, जहां ये कर्मचारी कार्यरत हैं। रविवि की इस अजीब-गरीब व्यवस्था से छात्र हलाकान हो रहे हैं।

- जिन विभागों से किए गए तबादले, अब वहां दैनिक कार्य के लिए संकट

## अर्जेंट डिग्री के लिए ले रहे आवेदन, फिर भी वक्त पर नहीं मिल रही उपाधि

### लग रहा चौगुना समय

रविवि के नियमानुसार, सामान्य अवधि में डिग्री के लिए आवेदन करने वाले छात्रों को 90 दिन के अंतराल में उपाधि प्रदान करनी होती है। इसके लिए 350 रुपए का शुल्क निर्धारित है। वहीं अर्जेंट डिग्री के लिए शुल्क 750 रुपए निर्धारित है। अर्जेंट डिग्री एक माह में प्रदान करने का प्रावधान है। यदि विद्यार्थियों के पास जॉब इंटरव्यू, ज्वॉइनिंग, नौकरी, किसी पाठ्यक्रम में दाखिला संबंधित दस्तावेज होते हैं, तो उन्हें तय अवधि से पहले ही डिग्री प्रदान कर दी जाती रही है। वर्तमान में एक माह में भी विद्यार्थियों को उनकी उपाधि नहीं मिल पा रही है। वर्तमान में तीन से चार गुना अधिक समय छात्रों को अपनी उपाधि हासिल करने में लग रहा है।



### तबादले के बाद बिगड़ी स्थिति

पूर्व में डिग्री विभाग बीपी भंवर के अधीन था। उनका तबादला यांत्रिकी विभाग में कर दिया गया है। उनके तबादले के बाद यहां स्थिति बिगड़ गई है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, इस बार भी रविवि मार्च-अप्रैल में दीक्षांत समारोह आयोजित कराने की तैयारी में है। अधिकतर विषयों की मेरिट लिस्ट जारी की जा चुकी है। इस स्थिति में अधिक दबाव डिग्री विभाग पर पड़ेगा।

## पानी टंकी से निकाली सील्ट

**रायपुर।** कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम के जलकार्य विभाग द्वारा पुराना बैरन बाजार के 3400 और रामनगर के 4900 किलोलीटर क्षमता के ओवरहेड टैंक की सील्ट की सफाई का कार्य अभियानपूर्वक करवाया गया।

## निधन

### पत्रकार किरण डोनगांवकर नहीं रहे

**रायपुर।** वरिष्ठ पत्रकार किरण डोनगांवकर का शुक्रवार को बेंगलुरु में निधन हो गया। रायपुर निवासी किरण डोनगांवकर दीर्घ अवधि तक अंग्रेजी समाचार एजेंसी यूएनआई के रायपुर ब्यूरो प्रमुख रहे। वे नागपुर एवं मुंबई यूएनआई में भी रहे तथा यहीं से सेवानिवृत्त हुए। इसके पूर्व उन्होंने रायपुर तथा नागपुर से प्रकाशित अंग्रेजी दैनिक हितवाद में भी बतौर रिपोर्टर उन्होंने सेवाएं दीं। दिवंगत किरण डोनगांवकर को उनकी बेहतरीन रिपोर्टिंग के लिए याद किया जाता है।

### गुलाब बाई बैस

**रायपुर।** समता कालोनी निवासी गुलाब बाई बैस (87) का निधन हो गया।



उनकी अंतिम यात्रा 15 फरवरी को सुबह 11 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे स्व. डॉ. रामजी बैस की धर्मपत्नी और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस की भाभी तथा डॉ. योगेश बैस की माताजी थीं।

### आशा छाबरिया



**रायपुर।** एमआईजी 11 कटोरा तालाब निवासी आशा छाबरिया का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 फरवरी को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे संजय, प्रमोद, ओमप्रकाश छाबरिया की माता थीं।

### प्रमिला वर्मा

**रायपुर।** सेलस्टैक्स कॉलोनी निवासी प्रमिला वर्मा (84) का निधन हो गया।



उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से 15 फरवरी को सुबह 11 बजे देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अनूप वर्मा, अजय श्रीवास्तव, अभय श्रीवास्तव, अलका श्रीवास्तव की माता थीं।

### गोपीचंद लूलिया



**रायपुर।** गंजपारा निवासी गोपीचंद लूलिया का निधन शुक्रवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेन्द्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे नंदलाल, बंशीलाल व मोहन लाल के भाई थे।

### चंपा देवी सिंघानिया

**रायपुर।** पार्थिवी पैसिफिक



अपार्टमेंट टाटीबंध एम्स हॉस्पिटल के पास जीई रोड निवासी चंपा देवी सिंघानिया (89)का 14 फरवरी को निधन हो गया। वे स्व. घेवरचंद सिंघानिया की धर्मपत्नी तथा संजय सिंघानिया की माताजी थीं।

## डकैती डालने के बाद साथियों को कम पैसा देना पड़े इसलिए बड़ी रकम कार में अलग से छिपाकर रख ली थी

# महिला सहित 10 डकैत जेल दाखिल, मास्टर माइंड के मकसद को लेकर उलझी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मनोहरण वेलू के यहां मंगलवार को डकैती की घटना को अंजाम देने वाले महिला सहित सभी 10 आरोपियों को पुलिस ने आज कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है। वहीं पुलिस घटना के मास्टर माइंड सेवानिवृत्त बीएसएफ के सूबेदार ए. सोम शेखर के मकसद को लेकर अब भी उलझी हुई है। लंबी पूछताछ के बाद भी पुलिस डकैती के मास्टर माइंड सोम शेखर के मकसद को नहीं समझ पाई है। पुलिस ने अपनी पड़ताल में पाया है कि डकैती की घटना का मास्टर माइंड भले ही सोम शेखर है, लेकिन डकैती के दिन घटना को महिला डकैत नेहा त्रिपाठी लीड कर रही थी। डकैती की घटना में शामिल बदमाश नेहा के दिशा निर्देश पर काम कर रहे थे। नेहा ने ही मनोहरण वेलू की बहन को इंजेक्शन लगाने के साथ ही जाते समय उनके परिवार को धमकाने का काम किया था। डकैतों को फरार होने के रास्ते नेहा ने ही सुझाये थे।



2011 में बीआरएस लिया था आरोपी ने, वहीं से डाका डालने का प्लान उसी का

बीएसएफ का पूर्व सूबेदार निकला डकैती का मास्टरमाइंड, 10 आरोपी गिरफ्तार

### नेहा का पिता बीएसपी का सेवानिवृत्त अफसर

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक नेहा का पिता भिलाई स्टील प्लांट का सेवानिवृत्त अफसर है। नेहा शुरू से ही अपराधिक प्रवृत्ति की लड़की रही है। इसके कारण नेहा को उसके पिता ने घर से निकाल दिया था। नेहा का पति भी अपराधिक प्रवृत्ति का है। राहुल तथा नेहा ने एक दूसरे के संपर्क में आने के बाद प्रेम विवाह किया है।

### फौजी ड्रेस बनी फंसने की वजह

डकैतों ने जिस फौजी वर्दी को सुरक्षा कवच बनाकर डकैती डालने बुजुर्ग भाई बहनों के घर घुसे थे, वही फौजी ड्रेस की वजह से डकैत 24 घंटे के भीतर पुलिस के हत्थे चढ़े। अमलेश्वर में जहां डकैत अपनी फौजी वर्दी बदल रहे थे। वहीं पास में उपस्थित एक लड़के ने ड्रेस बदलते देख लिया। गतिविधियां संदिग्ध लगने के बाद लड़के ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल करते हुए बदमाशों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की।

### नेहा ने कार में अलग से रुपए छिपाए

पूछताछ में पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक डकैती डालने के बाद नोटों से भरे एक बैग के साथ सोने की चेन नेहा ने अपने कब्जे में ले लिया था। रास्ते में नेहा ने चलती कार में बैग से नोटों की गड्डी निकालकर अपनी रिट्ज कार में अलग से छिपाकर रख ली थी।

### *मामला ठंडा होने तक शांत बैठने के निर्देश*


*डकैती की घटना को सफलता पूर्वक अंजाम देने के बाद डकैत अपने पकड़े जाने को लेकर बेफिक्र हो गए थे। उन्हें लग रहा था कि जिस प्लानिंग के साथ उन लोगों ने डकैती डाली है, पुलिस उन लोगों तक नहीं पहुंच सकती। बावजूद इसके डकैती की घटना की पड़ताल होने तक सभी को रकम खर्च नहीं करने की हिदायत दी गई थी। साथ ही रकम के बारे में अपने परिवार के सदस्यों को भी जानकारी नहीं देने के लिए कहा गया था। पुलिस डकैतों को गिरफ्तार करने पहुंची, तो सभी सामान्य दिनों की तरह अपने काम काज में व्यस्त थे।*


### *मास्टर माइंड के मकसद को लेकर उलझन में पुलिस*

*डकैती की घटना में शामिल आठ डकैतों ने अपने हिस्से की रकम का आपस में बंटवारा कर लिया था। डकैती की रकम सोम शेखर के साथ पुरुषोत्तम को नहीं मिली थी। डकैती की घटना का मास्टर माइंड सोम शेखर तथा पुरुषोत्तम द्वारा रकम नहीं लिए जाने की बात को लेकर पुलिस उलझी हुई है। पुलिस को आशंका है कि मामला ठंडा होने के बाद सोम शेखर डकैतों से संपर्क कर अपने हिस्से का बंटवारा लेता।*

# सरोना डेयरी में पकड़ा गया गो-मांस, डेयरी संचालक सहित अन्य फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





सरोना स्थित एक डेयरी में गोसेवक तथा हिंदू संगठन से जुड़े लोगों की शिकायत पर पुलिस ने गो-मांस जब्त किया है। डेयरी में गो-मांस मिलने के बाद हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने डेयरी में तोड़फोड़ करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने डेयरी में एक फ्रीज के अंदर से गो-मांस जब्त किया है। जब्त मांस गाय का है या किसी अन्य मवेशी का, इसकी पड़ताल करने मांस को जांच के लिए लैब भेजा है। लैब रिपोर्ट आने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। घटना डीडीनगर थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने उस्मान डेयरी में दबिश देकर गो-मांस जब्त किया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि खाने के बर्तन के साथ थाली में पके हुए मांस के साथ चावल था, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। इसके साथ ही पुलिस को मौके पर भारी मात्रा में उड़िया भाषा में पर्ची मिलने के साथ ही कई पैन के साथ आधार कार्ड मिले हैं।

### लैब रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई

मौके पर मिले दस्तावेजों की जांच की जाएगी। साथ ही पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि जो डेयरी संचालित कर रहे हैं, वे ओडिशा, पश्चिम बंगाल या कहीं अन्य जगह के हैं। जब्त मांस की लैब रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**- डीआर पोर्ते,** एएसपी सिटी पश्चिम

### *बांग्लादेशियों द्वारा डेयरी संचालन करने का आरोप*

*मौके पर हंगामा कर रहे हिंदू संगठन तथा गो-सेवा से जुड़े संगठन के कार्यकर्ताओं ने डेयरी संचालक के बांग्लादेशी होने का आरोप लगाया है। आरोप है कि बांग्लादेशी फर्जी सर्टिफिकेट के आधार पर सरोना के आउटर में डेयरी की आड़ में मवेशियों को मारकर उसके मांस की बिक्री कर रहे हैं।*

# चैंबर चुनाव 3-4 मई को, गुजराती स्कूल एवं सरस्वती शिशु मंदिर में मतदान केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव निर्वाचन समिति द्वारा शुक्रवार को चैंबर चुनाव के लिए देवेन्द्र नगर सेक्टर-4 गुजराती स्कूल एवं सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल भवन का निरीक्षण कर मतदान केंद्र के रूप में चयन किया गया। इस अवसर पर चैंबर मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली, निर्वाचन अधिकारी रमेश गांधी, संजय जोशी, संजय देशमुख, बालकृष्ण दानी, चैंबर चुनाव कार्यालय प्रभारी एसएम रावते प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। 3 मई को गुजराती स्कूल में होने वाले मतदान में महासमुंद, गरियाबंद, बलौदाबाजार-भाटापारा, बेमेतरा जिले सहित रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र अभनपुर, आरंग, बूढ़ेरा, धरसींवा, गोबरा नवापारा, केसला, खरोरा, कोसरंगी, मांडर, मंदिर हसौद, नवापारा, नया रायपुर, नेवरा, सारागांव, सिलतरा, तिल्दा-नेवरा, एवं मध्यप्रदेश के बालाघाट, राजगढ़ और शहडोल जिले के कुल 2647 मतदाता मतदान करेंगे। 4 मई को गुजराती स्कूल देवेंद्र नगर एवं सरस्वती स्कूल देवेंद्र नगर में रायपुर ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को छोड़कर केवल रायपुर शहर के कुल 11395 मतदाता मतदान करेंगे।

# मतगणना स्थल पर ढाई सौ पुलिस बल की तैनाती शहर में थानों के साथ अतिरिक्त बल की तैनाती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सेजबहार इंजीनियरिंग कालेज में शनिवार को रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों के साथ महापौर पद के प्रत्याशियों के उम्मीदवारों के मतों की गणना होगी। मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था की समस्या खड़ी न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए मतगणना स्थल पर ढाई सौ पुलिस जवानों की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही क्राइम ब्रांच के पुलिसकर्मियों की सादी वर्दी में तैनाती की जाएगी। साथ ही मतगणा में शामिल होने वाले विभिन्न राजनीतिक के साथ स्वतंत्र उम्मीदवारों के एजेंट तथा मतगणना कार्य देखने आने वाले वाले लोगों के लिए ट्रैफिक पुलिस ने अलग से पार्किंग की व्यवस्था की है। एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के मुताबिक मतगणा स्थल पर ढाई सौ पुलिस जवानों की तैनाती करने के साथ ही शहर के अंदरूनी इलाकों में थानों के बल, पेट्रोलिंग पार्टी के साथ अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है। एसएसपी के अनुसार विजय जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए अलग से पुलिस बल की व्यवस्था की गई है। विजय जुलूस के दौरान बदमाश किसी तरह की अपराधिक घटना को अंजाम न दे पाएं, इस बात को ध्यान में रखते हुए सादी वर्दी में पुलिस के जवान संदिग्धों पर नजर रखेंगे।



### संदिग्धों की होगी निगरानी

एसएसपी के अनुसार मतगणना के दिन सभी थानों की पुलिस को अपने क्षेत्र के बदमाशों की निगरानी करने के साथ जरूरत पड़ने पर उनकी गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही प्रमुख राजनीतिक दलों के कार्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाएगी। सेजबहार से टिकरापारा आने वाले मार्ग में किसी भी प्रकार की जाम की स्थिति निर्मित न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस के जवानों की तैनाती होगी।

### ऐसी रहेगी पार्किंग व्यवस्था

- मतगणना के दौरान इंजीनियरिंग कालेज के मुख्य द्वार के पास आब्जर्वर, आरओ, एआरओ के वाहन को प्रवेश की अनुमति होगी।
- मतगणना कार्य में लगे शासकीय अधिकारी-कर्मचारी अपने वाहन इंजीनियरिंग कॉलेज गेट के बाजू मैदान में पार्क कर पैदल मतगणना स्थल में प्रवेश करेंगे।
- मतगणना के दौरान प्रत्याशी एवं गणना एजेंट अपने वाहन इंजीनियरिंग कॉलेज के मुख्य द्वार के सामने निर्धारित पार्किंग में पार्क कर पैदल प्रवेश करेंगे।
- प्रिंट तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया के वाहन इंजीनियरिंग कॉलेज के मुख्य द्वार के बाहर निर्धारित पार्किंग स्थल में पार्क होंगे।
- मतगणना के दौरान पुराना धमतरी रोड पर कमल विहार तिराहा और भरेंगाभाठा चौक से भारी वाहनों को डायवर्ट किया जायेगा।

## पेज 9 के शेष

### 100 की रफ्तार में...

केवल यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव मिलेगा, बल्कि यह क्षेत्रीय विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि ट्रायल के सफल परिणामों को देखते हुए अब उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही अभनपुर और राजिम के बीच यह ट्रेन सेवा शुरू हो जाएगी।

### राशन दुकानों के...

संचालक के विरुद्ध खाद्य विभाग सख्ती से कार्रवाई करेगा। खाद्य मंत्रालय ने इस संबंध में सभी कलेक्टरों को 13 फरवरी को पत्र जारी कर राशन दुकानों में बचे खाद्यान्न का स्टाक जांचने के निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के बाद रायपुर जिले में भी राशन दुकानों में रखे स्टॉक का सत्यापन कराने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

**31 मार्च तक की स्थिति में रखे स्टॉक की होगी जांच**

खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग की अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इसके तहत सभी जिलों के उचित मूल्य की दुकानों में 31 मार्च तक की स्थिति में रखे स्टॉक और ऑनलाइन स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया जाना है। इस जांच के दौरान कोई भी राशन सामग्री विभागीय डेटाबेस में दर्ज जानकारी से कम या फिर अधिक पाया जाता है तो इस मामले में दुकान संचालक के विरुद्ध छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 के खंड 16 (5) तथा अन्य सुसंगत प्रावधानों के तहत तत्काल प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

**जांच टीम में खाद्य, गृह एवं सहकारिता विभाग के सदस्य भी होंगे**

उचित मूल्य की दुकानों में स्टॉक की जांच के लिए संयुक्त टीम बनाई जानी है। इस टीम में खाद्य विभाग के अधिकारी के साथ गृह विभाग और सहकारिता विभाग के अधिकारी भी शामिल होंगे। जांच टीम में शामिल होने वाले अधिकारियों की नियुक्ति 20 फरवरी तक कर इसकी जानकारी मुख्यालय को देने के लिए कहा गया है।

**बचत स्टॉक का सत्यापन एवं डेटा एंट्री 10 अप्रैल तक पूर्ण करने के निर्देश**

निर्देश के तहत सभी जिलों के खाद्य विभाग अधिकारियों को दुकानों के बचत स्टॉक के सत्यापन एवं डेटा एंट्री का काम 10 अप्रैल तक पूर्ण करने कहा गया है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में प्रदेश में पीडीएस चावल घोटाला का बड़ा मामला उजागर हो चुका है। यह मामला विधानसभा में भी उठ चुका है। इस मामले में जांच भी की गई, जिसके बाद रायपुर सहित कई जिलों में राशन दुकानों से पीडीएस के करोड़ों रुपए के चावल गायब मिले थे। इस मामले में संबंधित राशन दुकानों के विरुद्ध नोटिस जारी कर उनसे वसूली भी की गई। कई राशन दुकान संचालकों ने गायब चावल या बदले में राशि अब तक नहीं लौटाई है। विभाग द्वारा ऐसी कई राशन दुकान संचालकों के विरुद्ध आरआरसी भी जारी किया हुआ है, वहीं कइयों के विरुद्ध एफआईआर भी कराई गई है।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार, श्री विनोद कुमार के द्वारा विक्रेता/भूमि स्वामी श्री पुरुषोत्तम दास पिता श्री मुरारी लाल गोयल के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका खसरा नं. 418/20 (पुराना 418/11 का भाग), रकबा 4650 वर्गफुट जो कि मौजा तेलीबांधा, प.ह.नं. 0064, रा.नि.मं. रायपुर-9-तेलीबांधा, तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है जिसको क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम ब्याना राशि अदा कर दिया है। मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त संपत्ति के स्वत्व, आधिपत्य, भारमुक्त एवं अंतरण के संबंध में किस किसी व्यक्ति, व्यक्तियों, अर्द्धशासकीय विभागों, बैंक वित्तीय संस्थाओं एवं निकायों को किसी भी प्रकार का उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिनों के अंदर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के नीचे लिखे पते पर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर देवें, बाद में म्याद हमारे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जायेगा तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अवैध एवं शून्य होने से हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचना जाने।

दिनांक: 13/02/2025 स्थान: रायपुर

भवदीय: आशुतोष मिश्रा (अधिवक्ता)

ऑफिस:- एफ-3, मॉडर्न कॉम्पलेक्स, लालगंगा सिटी मार्ट के बाजू, रायपुर, छ.ग.

मो. 94255-48998

ऑफिस फोन नं. 0771-2222042

**न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)**

**फार्म 'अ'**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री मन्नुलाल साहू पिता श्री हुबलाल साहू निवासी ग्राम धुसेरा (देवारभाठा) साहूपारा वार्ड नं.10 गली नं. 01 देवेश किराना स्टोर्स के पास पो. सिवनी तहसील अभनपुर जिला रायपुर एवं कु. सिमरन चन्द्राकर पिता श्री रेखूराम चन्द्राकर निवासी एमआईजी-615 पल्लवी विहार सेक्टर-2 दीनदयाल उपाध्याय नगर जय किराना स्टोर के पीछे जिला रायपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 09 मार्च, 2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 07 फरवरी, 2025 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

**विवाह अधिकारी, रायपुर (छ.ग.)**

**इश्तिहार**

पत्र क्रं /18079/ न. पा. नि. / जोन के 1/2025

रायपुर, दिनांक 13-02-2025

नामंतरण प्र.क्र. 18079

वार्ड का नाम 17-ठक्कर बापा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 17 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR108A00074 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती KARINA YADAV पिता / पति श्री/श्रीमती SANJAY YADAV के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती, - SUNITA SINHA SAHA पिता / पति श्री/श्रीमती SUJAN KUMAR SAHA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम । अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

"सूचना जारी करे"

**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर) जोन (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
Dental & Cosmetic Treatments
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

अब नई जगह ओम डेन्टल हॉस्पिटल
Now We Are Certified INVISALIGN Provider
अपने वेलेंटाइन को दे दुनिया की बेस्ट स्माईल का उपहार
HAPPY Valentine's DAY
15th Feb INVISALIGN Open Day
INVISALIGN One of the leading clear aligner in world.
Free Scans | Free Dental Checkup | Free Dental Scaling
117, मेन रोड समता कालोनी, पंजाब नेशनल बैंक के सामने, रायपुर 0771-4064222, 8305948040

जीवन ज्योति होम्योपैथी क्लीनिक
रोग निदान
17 वर्षों से आपकी सेवा में
डॉ. रंजीता जायसवाल
BHMS. (BHOPAL)
Ex. RMO Maharana Pratap Homoeopathic College & Hospital Raipur (C.G)
अपॉइंटमेंट हेतु कॉल करें
84351-99964

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# नियमित काउंसिलिंग में चूके पंजीकृत छात्रों को मिलेगा स्ट्रे राउंड में एडमिशन का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ पीजी मेडिकल के मॉपअप राउंड मे एडमिशन का आज अंतिम दिन

नीट की परीक्षा में सफल होने के बाद भी अब तक की काउंसिलिंग में जिन उम्मीदवारों को सीटें नहीं मिल पाईं, उन्हें स्ट्रे वैकेंसी राउंड में प्रवेश का मौका दिया जाएगा। इसके अलावा जिन्होंने पूर्व में आंवटित सीट छोड़ने की गलती की, उन्हें इस राउंड के लिए अपात्र माना जाएगा। मेडिकल कालेजों की पीजी सीटों पर मॉपअप राउंड में एडमिशन का आज अंतिम दिन है। मॉपअप राउंड के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा 141 सीटों का आवंटन किया गया था। सूत्रों का कहना है कि इसमें पूरा एडमिशन होने की संभावना कम है। इसके अलावा पूर्व की 71 सीटें बाकी हैं, जिसमें स्ट्रे वैकेंसी राउंड में आवंटित किया जाएगा। विभाग द्वारा स्ट्रे राउंड में पात्र तथा अपात्र उम्मीदवारों के लिए सीमाएं तय की गई हैं। इसके तहत जिन छात्रों ने प्रवेश के लिए अपना पंजीयन कराया था, मगर उन्हें मॉपअप राउंड तक प्रवेश का मौका नहीं मिला था, उन्हें स्ट्रे राउंड में एडमिशन लेने का अवसर दिया जाएगा। जिन्हे पहले अथवा दूसरे राउंड में सीटों का आवंटन हुआ और उन्होंने एडमिशन नहीं लिया था उन्हें भी एडमिशन के लिए पात्र माना गया है। इसके अलावा अयोग्य उम्मीदवार की श्रेणी मॉपअप राउंड में सीट प्राप्त करने वाले, किसी भी राउंड में एडमिशन से इनकार करने वाले, दस्तावेजों की स्क्रूटनी में अपात्र पाए गए लोगों को सीटें आवंटित नहीं की जाएंगी। इसके साथ ऑल इंडिया कोटे के मॉपअप और स्ट्रे वैंकेंसी राउंड में सीट प्राप्त करने वालों को भी राज्य कोटे के स्ट्रे राउंड के लिए अपात्र माना गया है। शनिवार को मॉपअप राउंड में एडमिशन के बाद खाली सीटों पर प्रवेश के लिए अंतिम प्रक्रिया 19 से 23 फरवरी के बीच पूरी की जाएगी।


फाइल फोटो

## खबर संक्षेप



### मतगणना के एक दिन पूर्व निगम अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक

**रायपुर।** नगर निगम रायपुर में शनिवार को होने वाले मतगणना से एक दिन पूर्व निगम मुख्यालय में अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक ली गई। यह बैठक प्रभारी अपर आयुक्त कृष्णा खटीक ने उपायुक्त जसदेव सिंह बाबरा, संयुक्त संचालक वित्त दिनेशे निर्मलकर, कार्यपालन अभियंता रधुमणी प्रधान, दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता योगेश कडु की उपस्थिति में हुई है। बैठक में शामिल हुए विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। इस दौरान कई कर्मचारियों अपनी समस्याएं भी बतायी। प्रभारी अपर आयुक्त ने निर्देश दिए कि कर्मचारियों की समस्याओं का नियमानुकुल समय पर निदान किया जाए। सभी रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा नगरीय निकाय चुनाव के अंतर्गत मतगणना संबंधी दिए गए दायित्वों को पूरी तत्परता से निर्वहन करने के निर्देश दिए।

### काव्य संध्या कार्यक्रम कल

**रायपुर।** साहित्य सृजन संस्थान रायपुर द्वारा 16 फरवरी को काव्य संध्या कार्यक्रम आयोजित किया है। इस कार्यक्रम में रचनाकारों के काव्य पाठ एवं सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम वृंदावन हॉल सिविल लाइन रायपुर में दोपहर 3 बजे से संध्या 7 बजे तक आयोजित है। इस काव्य संध्या के मुख्य अतिथि जवाहर खन्ना, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा रायपुर एवं राकेश अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष,छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स होंगे। साहित्य सृजन संस्थान की इस 30वीं निरंतर जारी मासिक काव्य संध्या में कोरबा, बिलासपुर, दल्लीराजहरा, बालोद, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, बागबाहरा, खरोरा, तिल्दा, बेमेतरा, कवर्धा, महासमुंद एवं रायपुर से विशिष्ठ रचनाकार शामिल होकर अपना काव्य पाठ करेंगे।

## बैंक कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आव्हान पर देशभर में विभिन्न बैंकों के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर 24 एवं 25 मार्च को राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल पर रहेंगे। इस आंदोलन के तारतम्य में राजधानी रायपुर में शुक्रवार को बैंक की ड्यूटी खत्म करने के बाद शाम करीब 5.15 बजे बड़ी संख्या में विभिन्न बैंकों के अधिकारी और कर्मचारियों ने मोतीबाग चौक स्थित पंजाब नेशनल बैंक परिसर में एकत्रित होकर अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन एवं सभा की।

इन मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

बैंकों में पर्याप्त भर्ती, पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह का कार्यान्वयन, लंबित मुद्दों का समाधान, नौकरियों की आउटसोर्सिंग बंद करना तथा यूएफबीयू की अन्य मांगों का समाधान करना आदि मांग शामिल है। प्रदर्शन कर रहे कुछ कर्मचारियों ने बताया कि बैंकों में लगातार व्यवसाय एवं लाभप्रदता में वृद्धि हो रही है उस अनुपात में भर्ती नहीं की जा रही है, जबकि बैंकिंग उद्योग में लाखों पद रिक्त पड़े हैं। भर्ती नहीं होने से बैंक कर्मियों पर अतिरिक्त काम का बोझ पड़ रहा है, वहीं इसका ग्राहक सेवा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, इसलिए सभी संवर्गों में पर्याप्त भर्तियां होनी चाहिए। उनका यह भी कहना है कि पांच दिवसीय बैंक सप्ताह के मुद्दे पर हुई सहमति का अविलंब क्रियान्वयन किया जाना चाहिए तथा आउटसोर्सिंग नौकरी बंद की जाए।



### मुख्यमंत्री को दी पत्र में पूरी जानकारी

## प्रदेश सरकार पर बिजली का दस हजार करोड़ बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर देने की गुहार

प्रदेश सरकार पर छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी का बिजली का बकाया दस हजार करोड़ हो गया है। इसको लेकर छत्तीसगढ़ रिटायर्ड पॉवर इंजीनियर्स-आफिसर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर इसकी पूरी जानकारी देते हुए बकाया पॉवर कंपनी को वित्त वर्ष समाप्त होने से पहले देने की मांग की है। इसी के साथ अगले बजट में पॉवर कंपनी को भुगतान करने के लिए 8600 करोड़ रुपए टैरिफ सब्सिडी के लिए अतिरिक्त रखने का पूरा प्रावधान करने की भी मांग रखी है।

एसोसिएशन के महासचिव एसजी ओक ने एक लंबा-चौड़ा पत्र मुख्यमंत्री के नाम लिखा है। इसमें बताया गया है किस तरह से लगातार प्रदेश सरकार पर बकाया बढ़ता जा रहा है। पत्र में बताया गया है कि प्रदेश के सरकारी विभागों पर ही नवंबर 2024 की स्थिति में 2290 करोड़ बकाया था। इसमें से सबसे ज्यादा 1378 करोड़ नगरीय निकायों का है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पर 472 करोड़ बकाया है।



### विभिन्न योजना का ही 22 सौ करोड़ बकाया

पत्र में बताया गया है, पॉवर कंपनी को 2024-25 के टैरिफ में ज्यादा इजाफा न हो इसलिए प्रदेश सरकार ने हजार करोड़ देने का प्रावधान किया था। लेकिन इसमें से अब तक महज 250 करोड़ ही मिले हैं। इसी तरह से एकल बत्ती के 540 करोड़ में से 417 करोड़ मिले हैं। बिजली बिल हॉफ योजना के 1340 करोड़ में से 985 करोड़ ही मिले हैं। किसानों को दी जानी वाली बिजली के लिए 42 सौ करोड़ में से 27 सौ करोड़ मिले हैं। इन योजनाओं का ही 22 सौ करोड़ बकाया है।

### प्रभावित होगी आरडीएसएस योजना

पत्र में बताया गया है कि आरडीएसएस योजना में केंद्र सरकार से पैसे मिलते हैं। अगर प्रदेश सरकार पर किसी भी तरह का वित्तीय वर्ष में बकाया रहता है तो ऐसे में इस योजना के लिए केंद्र सरकार से मिलने वाली मदद बंद हो जाती है। इसलिए इस वित्तीय वर्ष 31 मार्च से पहले पॉवर कंपनी को बकाया देना जरूरी है। इस बात का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री से वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले बकाया देने की मांग रखी गई है।

### पुरानी सब्सिडी का पांच हजार करोड़ से ज्यादा बकाया

पत्र में बताया गया है कि 2016-17 से लेकर 2023-24 तक सब्सिडी का ही प्रदेश सरकार पर 5259 करोड़ रुपए बकाया है। इसमें 2026-17 का 481 करोड़, 2017-18 का 491 करोड़, 2018-19 का 737 करोड़, 2019-20 का 602 करोड़, 2020-21 का 883 करोड़, 2021-22 का 507 करोड़, 2022-23 का 780 करोड़ और 2023-24 का 776 करोड़ बकाया है।

## स्वास्थ्य योजना की कमियां दूर करने 10 दिन का वक्त नहीं तो करेंगे आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ आईएमए और हास्पिटल बोर्ड की मांग, समयबद्ध हो भुगतान

स्वास्थ्य विभाग की छापामार कार्रवाई से नाराज इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और हास्पिटल बोर्ड ने स्वास्थ्य सहायता योजना की कमियां दूर करने दस दिन का वक्त दिया है। चेतावनी दी गई है कि ऐसा नहीं होने पर चिकित्सक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उनकी मांग है कि सभी अस्पतालों का निलंबन वापस हो, योजना के पैकेज का संशोधन किया जाए, साथ ही भुगतान नियमित हो।

आईएमए और अस्पताल बोर्ड की बैठक मेडिकल कालेज रायपुर में गुरुवार को हुई, जिसमें पूर्व और वर्तमान पदाधिकारी सहित अन्य डाक्टर मौजूद थे। बैठक में कहा गया है कि छापेमारी के दौरान अस्पतालों का पक्ष सुना ही नहीं गया। जो कमियां पायी गईं, उसके बारे में भी बताए बिना सीधे कार्रवाई कर दी गई। उन्होंने कहा कि पूर्व में सभी संगठनों द्वारा निगरानी समिति के गठन के विषय में बात की गई थी, जिस पर अब तक ध्यान नहीं दिया गया है। निगरानी कमेटी में प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और आईएमए का सदस्य प्रतिनिधि के रूप में मौजूद होना चाहिए। ऐसी समिति हर जिले में गठित किए जाने की आवश्यकता है। इसके अलावा चिकित्सकों ने शिकायत दर्ज कराई कि आयुष्मान योजना का भुगतान समयबद्ध तरीके से नहीं किया जाता है, जिसकी वजह से उन्हें कई बार आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में योजना में जो दर प्रचलित है, वह काफी कम है, इसमें जल्द से जल्द संशोधन की आवश्यकता है। बैठक कहा गया है कि इन मांगों पर दस दिन के भीतर विचार किया जाए अन्यथा चिकित्सक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। बैठक के बाद अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

### भारतीय संस्कृति और विरासत समृद्ध इसे संभालकर रखना जरूरी : बंजारे



**रायपुर।** भीम आर्मी छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष मनोज बंजारे ने राजनीतिक दलों की भूमिका को लेकर कहा कि भारतीय संस्कृति और विरासत बेहद समृद्ध है, हमें इसे संभालकर रखना है। वर्तमान स्थिति में कुछ राजनीतिक दल और नेता समाज में क्षेत्रवाद-जातिवाद का जहर फैला रहे हैं, जिस पर अंकुश लगना चाहिए। श्री बंजारे ने कहा कि देश में ज्योतिबा फुले, सावित्री बाई फुले, बाबा आंबेडकर जैसे विचारक और समाज सुधारक जन्म लिए, जिन्होंने दशकों पहले सामाजिक क्रांति का आगाज किया। आज देश को ऐसे महापुरुषों के बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है।

आवश्यकता है



ड्राइवर - 1 पद
इच्छुक व्यक्ति बायोडाटा एवं ड्राईविंग लाइसेंस के साथ संपर्क करें
समय : सुबह 10 से शाम 6 बजे
एच.आर. विभाग
हरिभूमि inh पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

## सप्रे स्कूल में शिक्षकों के लिए परामर्श सत्र, दिया मार्गदर्शन

■ शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर सप्रे स्कूल में शिक्षकों के लिए एक विशेष परामर्श सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें परामर्शदाता प्रतिक्षा नियोगी ने शिक्षण विधियों पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। यह सत्र शाला विकास समिति के अध्यक्ष हरख मालूके मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिन्होंने शिक्षकों के पेशेवर विकास और आधुनिक शिक्षण तकनीकों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस सत्र में शिक्षकों को प्रभावी शिक्षण तकनीकों, छात्रों के साथ बेहतर संवाद, और मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पढ़ाने के नए तरीकों पर जानकारी दी गई। प्रतिक्षा नियोगी, जो एक अनुभवी काउंसलर हैं, ने शिक्षकों को यह समझाया कि शिक्षण केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक संपूर्ण प्रक्रिया है, जिसमें छात्रों की भावनात्मक और मानसिक स्थिति का ध्यान रखना भी आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधियों से अवगत कराते हुए कहा, एक अच्छा शिक्षक वही होता है जो बच्चों को केवल किताबों की शिक्षा न देकर, उन्हें जीवन की वास्तविकताओं से जोड़ने में भी सक्षम हो। सत्र के अंत में शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए और इस सत्र को बेहद उपयोगी बताया।



## रूस में बीयर केन पर गांधीजी की तस्वीर, कार्रवाई की मांग



**रायपुर।** हाल ही में रूस स्थित बेवरीज में रिवोर्ट ब्रांड की बियर की पैकिंग पर राष्ट्रपिता महात्मा जी की तस्वीर लगाए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के सदस्य अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर का कहना है कि महात्मा गांधी की शांति और संयम की धरोहर का अपमान किया जा रहा है। यह न केवल एक हैरान करने वाला कार्य है, बल्कि यह एक अरब भारतीयों की भावनाओं का भी अपमान है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से हस्तक्षेप कर रूसी अधिकारियों के समक्ष मामला उठाने की मांग की है। साथ ही भारतीय नागरिकों से भी अपील की है कि वे इस ब्रांड का बहिष्कार करें।

शोक-संदेश



श्रीमती प्रमिला वर्मा
अत्यंत दुख के साथ सूचित कर रहे हैं कि हमारी पूज्यनीय माताजी श्रीमती प्रमिला वर्मा (पति- स्व- प्रेम लाल वर्मा) का स्वर्गवास शुक्रवार, दिनांक - 14 फ़रवरी 2025, समय - 9:45 कि सुबह को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 15 फ़रवरी 11 बजे निवास G 7 सेल्स टैक्स कालोनी ख़मरडीह रोड से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम को निकलेगी।
ॐ शांति
शोकाकुल परिवार
पुत्र/पुत्री
अनूप वर्मा, अजय श्रीवास्तव, अभय श्रीवास्तव, अलका श्रीवास्तव
पुत्रवधू
संध्या वर्मा, स्व-सुप्रिया श्रीवास्तव, सविता श्रीवास्तव
अजय श्रीवास्तव (दामाद)
पोता/पोती
यश वर्मा, अभिलाषा वर्मा, गीत वर्मा, सागरिका वर्मा, अभ्युदय श्रीवास्तव, अंकिता श्रीवास्तव,
अनुभव श्रीवास्तव, वैभव श्रीवास्तव, मीवान वर्मा
अनूप वर्मा- 9009283127 अभय श्रीवास्तव - 94255-09480
अजय श्रीवास्तव- 9425506693 अलका श्रीवास्तव - 79990-64600

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
25 मार्च से 03 अप्रैल, 08 अप्रैल से 17 अप्रैल, 06 मई से 15 मई, 20 मई से 29 मई, 03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।



अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

### मोबाइल में बात कराने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक महिला ने एक युवती उसकी बहन, मां तथा एक अन्य महिला के खिलाफ मोबाइल में बात कराने के विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बोरियाखुर्द निवासी ममता बंजारे ने मधु उसकी मां, बहन तथा एक अन्य महिला के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। ममता ने पुलिस को बताया कि एक पलंग बनाने वाले अंकल ने उसे कॉल कर मधु से बात कराने के लिए कहा। इस पर ममता ने अपने मोबाइल लेकर मधु के घर पहुंचा। इस बात से नाराज होकर मधु उसकी बहन, मां तथा अन्य महिला ने ममता के साथ मारपीट की।

हरिभूमि

रायपुर, शनिवार 15 फरवरी 2025

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



बारिश नहीं डालेगी भोलेनाथ के दर्शन ....


## आराधना

## 41 सरयूपारीण बटुकों का विधि-विधान से हुआ व्रतबंध, बारात का स्वागत



**रायपुर।** शहर के संजय नगर क्षेत्र में स्थित तुलसी मानस भवन में दिनभर उत्सव का माहौल रहा। इसमें 41 बटुकों का सामूहिक निशुल्क व्रतबंध हुआ। इस आयोजन में उनके परिवार के लोग भी शामिल हुए। इससे जब शाम को बटुकों की बारात धूमधाम से निकाली गई तो नजारा देखने लायक था। सरयूपारीण ब्राह्मण समाज द्वारा पहली बार इस तरह का भव्य आयोजन किया गया। बटुकों की बारात जब क्षेत्र का भ्रमण करने के बाद वापस लौटी तो स्वागत में आतिशबाजी की गई। समाज के मुखिया डॉ. सुरेश शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार की सुबह सात बजे से हवन, नेहचू के बाद व्रतबंध का विधान 12 बजे किया गया। सभी बटुकों का मुंडन करवाने के बाद उन्हें यज्ञ का हिस्सा बनाया गया।

### पुष्पवर्षा कर दिया आशीर्वाद

इस बीच दंडी स्वामी डॉ. इंदुभवानंद महाराज एवं पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा ने बटुकों को आशीष दिया। इस आयोजन को लेकर प्रवक्ता संजय तिवारी ने बताया कि शाम 7 बजे बारात के मंडप पहुंचते ही आरएल द्विवेदी, वीके मिश्रा, राममूर्ति तिवारी, विष्णु दत्त मिश्रा, रेखेंद्र तिवारी, राजेंद्र शर्मा, संगम लाल त्रिपाठी अभय तिवारी ने पुष्पवर्षा करते हुए बटुकों को आशीर्वाद दिया। मित्रेश दुबे, राजेंद्र शर्मा ने बताया आयोजन के दौरान व्रतबंध के सभी नियम का पालन विधि-विधान से आचार्यों के द्वारा कराया गया।



### टीम बनाकर निभाया गया दायित्व

*वैदिक परंपरा का पालन करने के लिए सभी बटुकों और उनके परिजनों को साधुवाद दिया गया। कार्यक्रम संचालन बैजनाथ मिश्रा, चंद्रशेखर द्विवेदी ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए डॉ. शुक्ला ने अलग-अलग समाज प्रमुखों की टीम बनाकर दायित्व दिया था, ताकि बाहर से आए समाज के लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए। इसके साथ ही बटुकों को संस्कार से जोड़ने के लिए जरूरी सामग्री उपलब्ध कराने के लिए अलग टीम बनाई गई थी। भोज-प्रसादी के लिए भी जिम्मेदारी गई थी।*

## सिटी इवेंट

## लीजेंड-90 लीग के फाइनल में तमन्ना भाटिया देंगी लाइव परफॉर्मेंस



**रायपुर।** शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में चल रहे लीजेंड-90 लीग के फाइनल मुकाबले के साथ अब दर्शकों को बाहुबली फेम तमन्ना भाटिया का शानदार परफॉर्मेंस देखने को मिलेगा। 17 फरवरी को होने वाले समापन समारोह में दर्शक न सिर्फ क्रिकेट के रोमांचक फाइनल मैच का आनंद लेंगे, बल्कि लाइव परफॉर्मेंस से भी मंत्रमुग्ध होंगे। लीग का आयोजन 6 फरवरी से शुरू हुआ था और अब यह अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। सात टीमें छत्तीसगढ़ वॉरियर्स, दिल्ली रॉयल्स, राजस्थान किंग्स, बिग बॉयज उन्नीकारी, गुजरात सैंप आर्मी, पंजाबी शेर और दुबई जायंट्स इस टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं। 90 बॉल्स वाले इस फटाफट क्रिकेट लीग ने क्रिकेट प्रेमियों के बीच एक नई हलचल मचाई है, जिसमें दिग्गज क्रिकेटरों जैसे शिखर धवन, मार्टिन गप्टिल, लेंडल सिमंस और थिसारा परेरा ने अपनी शानदार बल्लेबाजी से कई शानदार मुकाबले खेले हैं।

### ऑनलाइन बुकिंग शुरू

लीग के दौरान दर्शकों को कई रोमांचक पल देखने को मिले हैं, जिनमें न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्टिन गप्टिल की 160 रनों की नाबाद पारी प्रमुख रही। अब लीग के फाइनल में तमन्ना भाटिया का परफॉर्मेंस और फाइनल मैच का रोमांच दर्शकों को एक अविस्मरणीय अनुभव देने वाला है। आयोजकों ने बताया कि समय रहते अपने टिकट बुक कर लें और इस शानदार इवेंट का हिस्सा बनें। जो दर्शक स्टेडियम नहीं आ सकते, वे समापन समारोह और फाइनल मैच को सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क और फैनकोड पर लाइव देख सकते हैं।



### प्यार भरी शायरी और रोमांटिक गाने

वैलेंटाइन डे पर रोटरी क्लब ऑफ एलिगेंस द्वारा एक खास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कपल्स के लिए डांस, म्यूजिक और कपल्स गेम्स का आयोजन किया गया, जिसमें प्रेमी जोड़ों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस पार्टी में कपल्स को विभिन्न टास्क दिए गए, जिन्हें उन्होंने मिलकर पूरा किया। रोटरी क्लब की अध्यक्ष मनीषा अग्रवाल ने बताया कि इस पार्टी का मुख्य उद्देश्य कपल्स के बीच प्यार भरी यादें बनाना था। यहां सभी ने एक-दूसरे के लिए प्यार भरी शायरी और रोमांटिक गाने गाए। इस पार्टी में बेस्ट ट्विनिंग कपल्स अपूर्वा और शिवम तथा बेस्ट वैलेंटाइन डे कपल्स के तौर पर सुनील और पूजा को सम्मानित किया गया।



### पूजा करते देख भर आईं आंखें

वीआईपी रोड स्थित लवकुश वाटिका में 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस भव्य आयोजन किया गया। श्री योग वेदांत सेवा समिति के संचालक रामा भाई ने समारोह को भव्य रूप दिया। इसमें शहर के सभी क्षेत्र से बच्चे माता-पिता के साथ शामिल हुए। ओंकारानंद ने कहा कि 14 फरवरी को वेलेंटाइन डे मनाकर देश के युवा पतन की खाई में जा रहे थे, जिन्हें वर्ष 2006 में मातृ पितृ पूजन दिवस का सुन्दर विकल्प दिया गया। इन भावों के साथ गुरु वंदना के बाद दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इसके बाद बच्चों और युवाओं ने माता-पिता का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया तो आंखें भर आई।

# चेहरे पर मुस्कान, शोख अंदाज में थिरके दादा दादी, मातृ-पितृ दिवस पर छलके स्नेह के आंसू

## राजधानी में प्रेम दिवस का पर्व लेने लगा संस्कार का रूप, जगह-जगह आयोजनों की सजाई गई श्रृंखला

**'शहर का बड़ा वर्ग अब प्रेम दिवस मनाने की जगह मातृ-पितृ दिवस मनाते हुए संस्कार का रूप देने का जगत करने लगा है। यह प्रयास फूहड़ संस्कृति से छुटकारा पाने और युवाओं को इससे बचाने के लिए भी किया जाने लगा है। शुक्रवार को वृंदावन हॉल में चितवन वृद्धाश्रम में रहने वाले दादा-दादी को खुशी का इजहार करने के लिए जेसीआई वामा कैपिटल ने मंच दिया तो दादा-दादी भी स्टार्स की तरह शोख अंदाज में नजर आए। वहीं दूसरी तरफ वह पल भी आया, जब पूजा की गई तो स्नेह के आंसू छलक पड़े।'**

**रायपुर।** हर साल की तरह वामा कैपिटल ने वृंदावन हॉल में मातृ-पितृ दिवस को उत्सव की तरह मनाया। इसमें चितवन वृद्धाश्रम में रहने वाले दादा-दादियों ने भी कैपिटल मेंबर्स के साथ मिलकर धूम मचाई। इसमें समाज के विभिन्न वर्गों ने शामिल होकर इस अवसर को खास बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस बार डांस पेश करने के लिए स्टेज को भी आकर्षक लुक दिया गया था। दुर्गावती, राम बाई, भारती, लता गटकरी ने रीमिक्स गीतों पर डांस पेश किया। कैलाशनाथ त्रिपाठी, दीपक दीक्षित, जेठू देवांगन ने डांस पेश करने के साथ ही अनुभव भी बताए। इसमें दीपक दीक्षित, शिव केडिया भी प्रमुख रूप से आयोजन का हिस्सा बने।



### दो स्कूलों में मनाया गया पूजा उत्सव

संस्कार सेना के आव्हान पर शहर के फाफाडीह स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम उत्कृष्ट विद्यालय और पेंशनबाड़ा के होली रोज स्कूल में मातृ-पितृ पूजन दिवस उत्सव की तरह मनाया गया। दोनों स्कूलों में मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। माता-पिता को बच्चों ने तिलक लगाने के बाद आरती की। स्कूल में यह आयोजन संस्कार सेना के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण यदु के मार्गदर्शन में किया गया। इसमें 60 से भी अधिक माता-पिता को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में जिला अध्यक्ष अश्विन प्रभाकर, कार्यकारी सदस्य जिला रायपुर राधिका यादव ने प्रमुख रूप से सहयोग दिया ।

### एहसास कराया स्नेह का, धोए पांव

समारोह के कड़ी में सभी बच्चों एवं युवाओं और युवतियों ने माता-पिता के चरण धोए और आरती की। बच्चे जब माता-पिता से पूजन के बीच गले लगे तो सभी का हृदय स्नेह के भाव से अभिभूत हुआ। पूजन का दृश्य सामूहिक होने से आनंदित करने वाला माहौल बना। शहर में संचालित बाल संस्कार केन्द्रों एवं दिव्य संस्कार विद्या मंदिर के विद्यार्थी इसमें शामिल हुए। इनके रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति से स्नेह का एहसास कराने वाला माहौल बना। माता- पिता की महत्ता पर एकल, समूह नृत्य नाटिका भी पेश किया। दो दर्जन से ज्यादा बच्चे झांसी की रानी, हनुमान, राधा, राम, सीता, कृष्ण के परिधान में शामिल हुए।



### उत्सव में बना स्नेह का माहौल

पल्लवी मिश्रा ने आयोजन के बारे में बताया कि यह एक उत्सव नहीं, बल्कि भावनाओं का सुंदर संगम है। जहां बुजुर्ग बचपन और सुनहरे अतीत की यादों में खो जाते हैं। इसके लिए उन्हें हर साल की तरह संगीत, नृत्य, नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से जोड़ने के लिए मंच दिया जाता है। जहां बुजुर्ग दादा-दादी के चेहरे पर मुस्कान, मन में उमंग और चारों ओर स्नेह का वातावरण बनता है। इस आयोजन को और भी दिव्य बना देता है। वामा कैपिटल का प्रयास, जिसने मात्तृ-पितृ दिवस को एक नई पहचान दिलाई। लोग बुजुर्गों के इस उत्सव का साक्षी बनने के लिए पहुंचे।



### वैलेंटाइन डे पर छाया प्रेम का रंग पार्क और रेस्त्रां में बिताया समय

वैलेंटाइन डे प्रेमी जोड़ों के लिए बेहद खास दिन साबित हुआ। दिनभर शहर में प्यार और रोमांस का माहौल देखने को मिला। होटल, कैफे, और पार्क में प्रेमी जोड़ों ने एक-दूसरे के साथ खास समय बिताया और अपने प्यार का इजहार किया। महादेवघाट, तेलीबांधा तालाब समेत अन्य प्रमुख स्थानों को खास अंदाज में सजाया गया था। गुलाब की पंखुड़ियों, लाल गुब्बारों, रोमांटिक गानों और गुलाबी शाम की सजावट ने और भी आकर्षक बना दिया। शहरभर में दुकानों पर भारी भीड़ देखी गई। प्रेमी जोड़ों ने गिफ्ट, फूल, कार्ड, चॉकलेट और टेडी के खिलौने खरीदे।



महादेवघाट पर नावों को फूलों और चमचमाती लाइटिंग से सजाया गया था, जहां कपल्स रोमांटिक गानों के साथ नाव की सवारी का आनंद लेते हुए दिखे। तेलीबांधा तालाब के कपल्स जोन में लोगों ने सेल्फी लेकर दिन को यादगार बनाया। यहां देर रात तक कपल्स पहुंचते रहे।

### लाइव म्यूजिक के साथ कैंडल लाइट डिनर का आनंद

मायरा रिसॉर्ट के चंद्र वीर सिंह और रितेश सिंह ने बताया कि इस वैलेंटाइन डे को खास बनाने के लिए रिसॉर्ट में विशेष तैयारियां की गई थीं। यहां कपल्स के लिए पूल पर रोमांटिक लाइव म्यूजिक शो, काजग की नाव और प्यार भरे गाने के साथ संदेश सुनने को मिले। शेफ अजय चोपड़ा ने कपल्स के लिए विशेष डिश तैयार की थी, जिसमें प्लेट पर ही प्रेमी जोड़ों के लिए प्यार भरे संदेश और कहानियां पाककला के माध्यम से तैयार की गई थीं। इस मौके पर एक जश्न की शाम के लिए कैंडल लाइट डिनर भी तैयार किया गया था, जहां कपल्स ने एक-दूसरे के साथ समय बिताया।

## छत्तीसगढ़ सोलर एक्सपो में दैनिक जीवन में उपयोगी सौर ऊर्जा के नए उपकरण

कार्नर न्यूज

# सौर तकनीक का स्मार्ट समाधान, अब सूर्य की किरणों से कैमरे की बैटरी चार्ज



खिड़कियों के लिए भी मिल रहे सोलर



**रायपुर।** सौर ऊर्जा के क्षेत्र में हो रही लगातार प्रगति ने ऊर्जा का परंपरागत रूप से उपयोग करने के तरीकों को बदल दिया है। आजकल सूर्य की किरणों से न केवल फसलों की सिंचाई हो रही है, बल्कि घरों में रोशनी भी मिल रही है, बल्कि सोलर वॉटर हीटर से अस्पतालों और घरों में गर्म पानी भी उपलब्ध हो रहा है। छत्तीसगढ़ सोलर एक्सपो ने इन नवाचारों को प्रदर्शित करने का मंच तैयार किया है। विधानसभा रोड स्थित बिजनेस पार्क में शुक्रवार को इस एक्सपो का उद्घाटन हुआ, जिसमें सौर ऊर्जा से संबंधित नए उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। इसमें सोलर वॉटर हीटर, सोलर लाइट, कैमरा, लिथियम बैटरी, इनवर्टर, ई-बाइक आदि पेश किए गए।

### सोलर कैमरे ने किया आकर्षित

एक्सपो में सोलर कैमरा लोगों का आकर्षित कर रहा है। कई लोगों ने पहली बार सोलर से चलने वाला कैमरा देखा। आफरीन खान ने बताया कि यह फोर-जी तकनीक से लैस है। इसमें सिम कार्ड भी लगाया जा सकता है और यह 3 मेगापिक्सल क्वॉलिटी के साथ सर्विलांस करता है। इसका 10 एक्स जूमिंग फीचर भी है और सोलर से बैटरी चार्ज होने पर यह दो दिन तक काम करता है। इसकी कीमत 6500 रुपए है और एक साल की वारंटी भी दी जा रही है। यह कैमरा बिजली की अनुपलब्धता वाले क्षेत्रों के लिए बेहद उपयोगी है।




### ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ रहा सोलर का उपयोग

एक्सपो में पहुंचे व्यापारियों ने बताया कि शहर के साथ-साथ अब ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर का उपयोग बढ़ने लगा है। कंपनी आम आदमी के उपयोग अनुसार सोलर तैयार कर रही है, जो दैनिक जीवन में उपयोग आ सके। मनीष जाधव ने बताया कि उनकी कंपनी के पास कई प्रकार की सोलर स्ट्रीट लाइट्स हैं। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में ऑल इन वन सोलर स्ट्रीट लाइट्स लगाई जा रही हैं, जो रात के अंधेरे में दूधिया उजाला फैलाती हैं। इनकी कीमत 15 से 20 हजार रुपए तक है।

### फसलों की सिंचाई इनवर्टर की बढ़ी मांग

बिजली बचाने के लिए घरों में सोलर का उपयोग बढ़ा है। पीएम सूर्य घर योजना में हाइब्रिड इनवर्टर लगाया जा रहा है, जो दोनों प्रकार के इनवर्टर का कॉम्बो होता है। विजय कुमार जिवतोड़े ने बताया कि ऑन ग्रिड इनवर्टर में बैटरी होती है, जो सोलर पैनल के अलावा बिजली से भी चार्ज होती है। वर्तमान में यही फसलों की सिंचाई के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है।

## धर्म लाइव

# भागवत कथा के श्रवण और मनन से खत्म होते हैं मन के विकार



**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित राधाकृष्ण गोपाल मंदिर के 34 वां वार्षिकोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को धूमधाम से हुआ। पहले दिन 108 कलश के साथ शोभायात्रा निकाल गई। यात्रा मंदिर से शुरू होकर पास के तालाब के पास तक पहुंची जहां कलशों में जल भरा गया। शोभायात्रा जैतूसाव मठ होते हुए वापस गोपल मंदिर वापस पहुंची। इसके बाद वेदी स्थापना और गोकर्ण की कथा का वर्णन किया गया। गोकर्ण कथा का आरंभ करते हुए कथावाचक गोपाल शरण देवाचार्य ने कहा कि मनुष्य अपना कल्याण चाहता है तो क्षणभर के लिए ही सही भागवत कथा का श्रवण करे। कथा का बार-बार श्रवण और मनन करने से मन के विकार खत्म होते हैं। इसका अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। कथा श्रवण से ही राजा परीक्षित को परम गति की प्राप्ति हुई थी।

### व्यासपीठ पर बैठे कथावाचक ही कहें भागवत

भागवत कथा बहुत कम समय में सनातन संस्कृति और सभ्यता से भली-भांति अवगत कराती है। युवाओं की ओर देखते हुए कथावाचक गोपाल शरण महाराज ने कहा कि आज के समय में युवाओं को भागवत कथा श्रवण की सबसे अधिक आवश्यकता है। युवा कथा श्रवण के साथ मनन भी करें। इससे उन्हें जीवन में सत्मार्ग की प्राप्ति होगी। कथा श्रवण मात्र से कुछ नहीं होता। इसके साथ मनन करना और सीखी बातों को जीवन में उतारने से जीवन में अप्रत्याशित बदलाव दिखता है। व्यासपीठ पर बैठे कथावाचकों को ही भागवत कथा का वाचन करना चाहिए।

## सिटी लाइव

# कृषि विवि में छात्र संघ को दिलाई पद और संनिष्ठा की शपथ



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय रायपुर में छात्र संघ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने छात्र संघ के पदाधिकारियों को पद और संनिष्ठा की शपथ दिलाई। डॉ. चंदेल ने छात्र संघ पदाधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि वे छात्रों के हित में कार्य करेंगे और अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे। डॉ. चंदेल ने विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने और राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने की भी प्रेरणा दी। शपथ ग्रहण समारोह में छात्र संघ अध्यक्ष शुभाश्री पंडा, उपाध्यक्ष प्रियंका स्वाइन, महासचिव अर्चना जी., सहसचिव अनुष्का चौरसिया सहित विभिन्न कक्षा प्रतिनिधियों ने अपने पद के दायित्व निर्वहन की शपथ ली।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. जीके दास, स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी के अधिष्ठाता डॉ. वीके पांडेय, छात्र कल्याण के अधिष्ठाता डॉ. संजय शर्मा और निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एसएस टुटेजा समेत विभिन्न विभागाध्यक्ष और प्राध्यापक उपस्थित थे। छात्र संघ प्रभारी डॉ. आरपी कुजूर ने इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## समाज इवेंट

# सालासर बालाजी मंदिर में सप्तम वार्षिकोत्सव का शुभारंभ

**रायपुर।** सालासर बालाजी मंदिर सेवा समिति और अग्रवाल सभा के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राजधानी स्थित सालासर बालाजी मंदिर में दो दिवसीय 'सप्तम वार्षिकोत्सव' का आयोजन किया जा रहा। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य रूप से मंदिर परिसर को सजाया गया है। इस वर्ष कोलकाता से साज-सज्जा के लिए कारीगरों को आमंत्रित किया गया है। सप्तम वार्षिकोत्सव का शुभारंभ शनिवार को भव्य निशान यात्रा के साथ किया जाएगा, जो दोपहर 3.30 बजे से श्रीराम मंदिर परिसर से सालासर मंदिर तक निकाली जाएगी। इस भव्य निशानयात्रा में लगभग दो हजार से अधिक श्रद्धालुओं की उपस्थिति दर्ज की जाएगी।


### वार्षिकोत्सव में कन्हैया मित्तल की उपस्थिति

दो दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन 16 फरवरी को सुबह 10 बजे से पूजा-अर्चना प्रारंभ की जाएगी। इमसें सुबह 10 बजे दुग्धाभिषेक, 10.30 बजे सवामणि, महाभंडारा 12.30 बजे, छप्पन भोग शाम 6 बजे, महाआरती शाम 6.30 बजे, भजन संध्या शाम 7 बजे और सीता रसोई रात्रि 8.30 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर लोकप्रिय भजन गायक कन्हैया मित्तल के श्रीराम और सालासर बालाजी महाराज के भजनों में लीन नजर आएंगे। सुबह शुभ मुहूर्त से ही मंदिर परिसर में पूजन कार्य प्रारंभ किया जाएगा, जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान 11 पंडित वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा संपन्न की जाएगी। कार्यक्रम में सुरेश गोयल, विजय अग्रवाल, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, नवल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, कर्तव्य अग्रवाल व समिति के अन्य सदस्यों की उपस्थिति बनी रहेगी।

**खारुन नदी उफान पर होने से सावन सोमवार को नहीं हो पाती थी पूजा, अब भक्तों और भगवान के बीच की दूरी खत्म होगी**

# बारिश नहीं डालेगी भोलेनाथ के दर्शन में बाधा, टोलाघाट पर महाशिवरात्रि से शुरू होगा महादेवघाट से लंबा लक्ष्मण झूला

राजधानी से लगभग 30 किलोमीटर दूर खारुन नदी के तट पर स्थित टोलाघाट पर महाशिवरात्रि से श्रद्धालुओं को भव्य लक्ष्मण झूला की सुविधा मिलने लगेगी। यह झूला महादेवघाट पर बनाए गए झूले से भी लंबाई में अधिक होगा और इसका निर्माण इस तरह से किया गया है कि अब बारिश के मौसम में भी भक्तों को भगवान के दर्शन में कोई रुकावट नहीं आएगी। बारिश के दौरान खारुन नदी उफान पर रहती है, जिससे भोलनाथ के दर्शन करना मुश्किल हो जाता था। खासकर सावन महीने में लगभग दो महीने तक भगवान की पूजा भी नहीं हो पाती थी, लेकिन अब यह समस्या हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी।



### मंदिर में शुरू हुई तैयारी

लक्ष्मण झूले का निर्माण अब अंतिम चरण में है। झूला निर्माण का 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। महाशिवरात्रि से पहले इसका काम पूरा कर लिया जाएगा। मंदिर में महाशिवरात्रि के लिए भव्य तैयारियां चल रही हैं। इस बार भगवान शिव का आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा, जिससे भक्तों का स्वागत और भी भव्य तरीके से किया जाएगा। मंदिर में सजावट और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों की तैयारी भी जोरों पर है। इस झूले के उद्घाटन के साथ ही भक्तों को बारिश के दौरान भी कोई कठिनाई नहीं होगी और वे बिना किसी बाधा के मंदिर में पहुंच सकेंगे।

**रायपुर।** लक्ष्मण झूले का निर्माण नदी के बीच स्थित शिव मंदिर और नंदी के पास किया गया है, जिससे श्रद्धालु अब बिना किसी परेशानी के मंदिर तक पहुंच सकेंगे। साथ ही झूले से मंदिर के चबूतरे तक पहुंचने के लिए स्टील का ब्रिज भी बनाया गया है, जिससे भक्तों को सुरक्षित और आसान रास्ता मिलेगा। यह सुविधा आने वाले दिनों में शिवभक्तों के लिए एक अहम सहारा बनेगी और महाशिवरात्रि के अवसर पर इस नई सुविधा का स्वागत किया जाएगा।

### तीन टॉवर के सहारे खड़ा है झूला

खारुन नदी के तट पर बन रहे लक्ष्मण झूले को पर्यटन क्षेत्र में बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। यह झूला अब राजधानी रायपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक अहम आकर्षण बनेगा। लक्ष्मण झूला को तीन टॉवर के सहारे खड़ा किया गया, जो इसे मजबूती और स्थिरता प्रदान करेगा। इस झूले को लंबी तारों से बांधकर नदी के दोनों तटों के बीच जोड़ा गया है। इसकी कुल लंबाई 230 मीटर होगी। इसके अलावा झूले का केंद्रीय हिस्सा 25 मीटर से अधिक गहरा है, जो इसे और भी प्रभावी और सुरक्षित बनाता है।



### लाईटिंग और मंदिर में सौंदर्यीकरण भी

लगभग 19 करोड़ की लागत से बनने वाले इस लक्ष्मण झूले के साथ-साथ नदी के दोनों तटों का सुदृढ़ीकरण, उद्यान का निर्माण, लाइटिंग की व्यवस्था और आसपास के क्षेत्र का सौंदर्यीकरण भी किया गया है। इसी तरह के एक और झूला रूपी पैदल पुल का निर्माण राजिम त्रिवेणी संगम में किया गया है, जो यहां आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए एक नई सुविधा लेकर आया है। इस झूले का उद्घाटन महाशिवरात्रि के मौके पर होने की संभावना है, जो शिवभक्तों के लिए एक नई सौगात साबित होगा।



# भारतीय परिधानों में फैशन का जलवा, स्टूडेंट्स को शिक्षा और कला में मिला उत्कृष्ट सम्मान



भारतीय थीम पर फैशन शो, देश के विभिन्न राज्यों के पारंपरिक परिधान में नजर आए छात्र





**रायपुर।** दुर्गा एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित विवेकानंद महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के 50 से अधिक होनहार विद्यार्थियों को शिक्षा, खेल, कला, संगीत और अन्य क्षेत्रों में उनकी उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। खास बात यह रही कि विश्वविद्यालय स्तर पर दो छात्राओं को टॉप 10 सूची में शामिल होने पर विशेष सम्मान प्राप्त हुआ। बी.कॉम फाइनल से उन्नति मिरानी ने तृतीय स्थान और बीबीए से ईशा चौधरी ने आठवां स्थान प्राप्त किया। इस समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों की उपलब्धियों को उजागर करना और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना था। खेल क्षेत्र में ओम पांडे और विशाल को भी सम्मानित किया गया। वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि एसकेटीडी लॉ कॉलेज के प्राचार्य जाकिर अली रहे। इसके अलावा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा, क्रीड़ा अधिकारी पीएल साहू, सांस्कृतिक अधिकारी डॉ. सुशांत और विभागाध्यक्ष डॉ. गायत्री आयंगर भी उपस्थित रहे। कॉलेज के प्राध्यापकों ने बताया कि महाविद्यालय में वर्षभर शिक्षा, खेल, रंगोली, मेहंदी, कुकिंग, नृत्य, संगीत और अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, जिनमें छात्रों की सहभागिता को बढ़ावा दिया जाता है।

### मंगल भवन अमंगल हारी से शुभारंभ

वार्षिकोत्सव की शुरुआत धार्मिक भजनों से हुई, जिसमें मंगल भवन अमंगल हारी, द्रवहु सुदसरथ अजिर बिहारी, और रामजी से कह देना जय सियाराम जैसे भजन गाए गए। दर्शकों ने इन भजनों के साथ उत्साहपूर्वक गुनगुनाया। इसके बाद छात्रा अंकिता तिवारी ने अपनी स्टैंडअप कॉमेडी से सभी को लोटपोट कर दिया, जिसमें उन्होंने दोस्ती, रिश्तों और स्कूल-कॉलेज की यादों पर आधारित चुटकुले सुनाए।

### भारतीय संस्कृति की झलक

इस बार के वार्षिकोत्सव का मुख्य आकर्षण था भारतीय संस्कृति पर आधारित फैशन शो। इसमें राज्य बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार, पंजाब जैसे विभिन्न राज्यों के पारंपरिक परिधानों और सांस्कृतिक धरोहरों को प्रस्तुत किया गया। फैशन शो में 20 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और मंच पर अपनी एंट्री के साथ अपना परिचय अलग अंदाज में दिया। यह कार्यक्रम भारतीय संस्कृति के विविध रूपों और परिधानों की सुंदरता का जश्न था।

# श्रीमद भागवत कथा श्रवण से भगवान के प्रति बढ़ती है प्रीत



रायपुर। मोवा स्थित बालाजी हाऊस में शुक्रवार को श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया। भागवत प्रवक्ता आचार्य बांके बिहारी गोस्वामी ने कपिल गीता एवं धुव्र चरित्र का भी वर्णन किया। कहा कि कथा भगवान के प्रति प्रीत को बढ़ाती है। मोक्षदायिनी अलौकिक कथा हमें विकारों से मुक्ति का मार्ग दिखाती है। कथा का श्रवण करने के लिए देवता भी अमृत कलश लेकर मृत्युलोक में देवता पधारे थे। कथा श्रवण के बाद 7 दिन में ही परीक्षित को श्राप से मुक्ति मिल गई। ऋषियों ने अपनी इच्छा को प्रकट करते हुए भगवान से पूछा कि कथा के लिए वह उत्तम स्थान बताएं, जहां किसी प्रकार की अशांति न हो। भगवान ने कहा कि मेरा चक्र जहां गिरेगा, वही स्थान कथा के लिए उत्तम होगा। चक्र उत्तरप्रदेश के नैमिषारण्य में गिरा। वहां भागवत कथा का श्रवण तक्षक द्वारा शापित परीक्षित को सुखदेव करा रहे थे।

### ऋषि श्राप के कारण आया कलयुग

कथा प्रसंगों के बीच श्री राधे राधे, श्री राधाकृष्ण के स्वर गूंजते रहे। महाराज ने कहा कि कलयुग की शुरुआत महाभारत युद्ध के बाद हुई थी। कलयुग के आने के कारण महाभारत युद्ध में हुए नृशंस और अधर्मपूर्ण युद्ध का परिणाम माना गया है। महाभारत के बाद धर्मराज युधिष्ठिर ने अपना राजपाट परीक्षित को सौंप दिया। वे हिमालय की ओर चले गए। उस समय स्वयं धर्म, बैल का रूप लेकर गाय के रूप में बैठी पृथ्वी देवी से मिले। ऋषि के राजा परीक्षित को दिए श्राप के कारण ही कलयुग आया। कथा में भारी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।



**पर्यटन विभाग की पहल पर 2 हजार में नदी किनारे मिल रहा टेंट**

# महाकुंभ की तर्ज पर पहली बार राजिम कल्प कुंभ में टेंट सिटी की सुविधा, बिजली, कूलर, अटैच्ड बाथरूम, पार्किंग भी

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** राजिम के त्रिवेणी संगम में कल्प कुंभ मेला शुरू हो चुका है, जिसमें रोजाना हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस बार मेले में विशेष बदलाव देखा जा रहा है। पहली बार प्रयागराज महाकुंभ की तर्ज पर यहां श्रद्धालुओं के लिए टेंट सिटी तैयार की गई है। पर्यटन विभाग की पहल पर यहां 12 टेंट की सुविधा प्रदान की गई है। प्रत्येक टेंट में 2 से 3 बेड की व्यवस्था है। इसकी कीमत 2 हजार रुपए तय की गई है। टेंट सिटी में विशेष रूप से बिजली, कूलर, अटैच बाथरूम, वाशिंग एरिया और फ्री पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यह सुविधा श्रद्धालुओं को उनकी यात्रा के दौरान अत्यधिक आराम और सुविधाजनक अनुभव देने के लिए है।





### प्रयागराज में भीड़, इसलिए राजिम में लगा रहे डुबकी

प्रयागराज में जहां श्रद्धालुओं के लिए आधारकार्ड के जरिए टेंट सिटी में बुकिंग की जाती है, वहीं राजिम कुंभ में भी इसी प्रणाली को अपनाया गया है। टेंट सिटी में रहकर हजारों श्रद्धालु इस समय कल्प कुंभ मेले का लाभ उठा रहे हैं। जो लोग महाकुंभ की भीड़ के कारण प्रयागराज नहीं जा पाए हैं, अब वे राजिम कुंभ में शामिल होकर बड़ी संख्या त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा रहे हैं। साथ ही नई सुविधा का लाभ उठा रहे हैं।

### नदी किनारे मिल रही सभी सुविधाएं

राजिम कल्प कुंभ में नदी के किनारे रहने की कोई व्यवस्था नहीं थी, जिसे ध्यान में रखते हुए टेंट सिटी तैयार की गई है। इस विशेष पहल से श्रद्धालुओं को राहत मिली है, क्योंकि उन्हें अब नदी के पास ही आराम से रहने समेत सभी जरूरी सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। टेंट सिटी में स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखा गया है, ताकि श्रद्धालु यहां एक अच्छे माहौल में समय बिता सकें। यह पहली बार है, जब राजिम मेले में इस तरह की विशेष सुविधाएं प्रदान की गई हैं और इसे लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। यह कदम राजिम को धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।



## सिटी स्पोर्ट्स

### प्लेट ग्रुप क्रिकेट में जशपुर और कोरिया आगे, रायपुर ब्लू की जीत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 09 फरवरी से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 14 टीमें भाग ले रही है। श्रृंखला में 13-15 फरवरी के 3 मैच चल रहे हैं।

ग्रुप ए का दुसरा तीन दिवसीय मैच जशपुर और रायगढ़ के मध्य कल्याण कॉलेज मैदान, भिलाई में खेला गया। जशपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जशपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 76.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर केवल 211 रन बनाये। जशपुर की ओर से प्रभात आनंद ने 124 रनों का योगदान दिया। वहीं रायगढ़ की ओर से सचिन चौहान ने 4 विकेट, सक्षम चौबे तथा अमित कुंवर ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। रायगढ़ ने अपनी पहली पारी में 90.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 309 रन बनाये। रायगढ़ की ओर से विकास द्विवेदी ने 104 रन तथा आदर्श प्रकाश वर्मा ने 67 रनों का योगदान दिया। वहीं जशपुर की ओर से अवधेश कुमार जायसवाल ने 5 विकेट, प्रभात आनंद तथा सुनील बेहरा ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक जशपुर ने अपनी दूसरी पारी में 10 ओवरों में 1 विकेट खोकर 34 रन बना लिये है। दूसरे दिन की समाप्ति तक जशपुर 64 रनों से पीछे है।

ग्रुप सी का तीसरा तीन दिवसीय मैच रायपुर ब्लू एवं कवर्धा के मध्य सिविक सेंटर मैदान, भिलाई में खेला गया। रायपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। कवर्धा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 26.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 70 रन बनाये। कवर्धा की ओर से पुष्पेन्द्र ने सर्वाधिक 23 रन तथा राहुल कुमार सिंह ने 17 रन बनाये। वहीं रायपुर ब्लू की ओर से पवनदीप सिंह एवं गौरव चतुर्वेदी ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। रायपुर ब्लू ने अपनी पहली पारी 91.2 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 432 रन बनाकर घोषित कर दी। रायपुर ब्लू की ओर से ऋषि शर्मा ने 117 रन, अवनीश सिंह धालीवाल ने 110 रन तथा कीवनूर सिंह छाबड़ा ने 110 रनों का योगदान दिया। कवर्धा की ओर से सूर्यकांत तिवारी, शुभम खत्री, विकास यादव तथा देव कुमार साहू ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। कवर्धा की दूसरी पारी 26.3 ओवरों में 67 रनों पर समाप्त हो गयी। कवर्धा की ओर से दिनेश दास मानिकपुरी ने सर्वाधिक 31 रनों का योगदान दिया। वहीं रायपुर ब्लू की ओर से ऋषि शर्मा तथा भरत गोंडवानी ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। रायपुर ब्लू ने मैच एक पारी तथा 295 रनों से जीत लिया। कोरिया बनाम नारायणपुर ग्रुप सी का चौथा तीन दिवसीय मैच कोरिया एवं नारायणपुर के मध्य आर डी सी ए मैदान, रायपुर में खेला गया। कोरिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

कोरिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 75.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 313 रन बनाये। कोरिया की ओर से सुमित सिंह ने सर्वाधिक 74 रन तथा आकाश शर्मा ने 54 रन बनाये। वहीं नारायणपुर की ओर से अल्तमश, शाश्वत, राहुल तथा गौरी शंकर ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। नारायणपुर ने अपनी पहली पारी में 65 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 269 रन बनाये। नारायणपुर की ओर से यश कुमार वर्दा ने 87 रन तथा अल्तमश ने 69 रन बनाये। वहीं कोरिया की ओर से घनश्याम केवट ने 5 विकेट तथा अजय मिश्रा ने 2 विकेट प्राप्त किये। कोरिया ने अपनी दूसरी पारी में 40.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 267 रन बनाए। कोरिया की ओर से अभिषेक वढेरा ने 69 रन तथा वैभव बघेल ने 55 रनों का योगदान दिया। नारायणपुर की ओर से गौरी शंकर पटेल ने 4 विकेट तथा राहुल जैन ने 2 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक कोरिया 311 रनों से आगे है।

### सॉफ्टबॉल में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



**रायपुर।** औरंगाबाद महाराष्ट्र में चल रहे स्कूल नेशनल टूर्नामेंट में भाग ले रही सॉफ्टबॉल अंडर-14 छत्तीसगढ़ की बालक वर्ग की टीम ने शुक्रवार को अपने पहले लीग मैच में गुजरात को 10-00 के बड़े अंतर से हराया। तीन पारी की इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए बेमेतरा के कोमल पाटिल के शानदार होम रन के साथ 03 बनाए बाद में जम्मू टीम को बिना सिर्फ 00 रन मे आउट कर दिया। बाद मे छत्तीसगढ़ की टीम ने दूसरी पारी में 07 रन बनाकर मैच खत्म कर दिया बालक वर्ग के दूसरे मैच में छत्तीसगढ़ की टीम नें तमिलनाडु टीम को भी 12-01 रन से हराया। इस मैच में भी कोमल पाटिल, राजू निषाद और ग्रेन इक्का ने शानदार हिट लगाया। छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने लीग मैच जम्मू कश्मीर को 10-00 से हराकर अपनी अच्छी शुरुआत की है1 लीग के दूसरे मैच मे तेलंगाना को 10-00 से और आखिरी लीग मैच में चंडीगढ़ को 04-0 0 को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

## बेहतर सेहत के लिए किडनी-लिवर का स्वस्थ रहना बेहद जरूरी

# किडनी-लिवर की 40 फीसदी बीमारियों के लिए हैं दो प्रमुख कारण, ज्यादातर भारतीय इसके शिकार

किडनी और लिवर हमारे शरीर के दो सबसे प्रमुख अंग हैं। किडनी जहां रक्त को फिल्टर करके उससे अपशिष्टों को बाहर निकालने, शरीर में रसायनों-द्रव के संतुलन को ठीक रखने में मदद करती है, वहीं लिवर रक्त में अधिकांश रासायनिक स्तरों को नियंत्रित करता है और पित्त नामक उत्पाद का उत्सर्जन करता है। भोजन के पाचन को ठीक रखने में भी लिवर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शरीर को स्वस्थ रखने और विषाक्तता को दूर करने के लिए इन दोनों अंगों का ठीक रहना जरूरी है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पिछले कुछ वर्षों में जिन अंगों से संबंधित बीमारियों को सबसे ज्यादा बढ़ते देखा गया है, किडनी-लिवर उनमें से एक हैं। लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के अलावा बढ़ती शारीरिक निष्क्रियता और धूम्रपान-शराब की आदत को इसका प्रमुख कारण माना जा रहा है।

### धूम्रपान-शराब का सेवन सबसे खतरनाक

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, किडनी और लिवर दोनों की बढ़ती समस्याओं के लिए धूम्रपान-शराब पीने की आदत को जोखिम कारक पाया गया है, ये इन दोनों अंगों की 40 फीसदी से अधिक बीमारियों के लिए जिम्मेदार हैं। भारतीय आबादी में बड़ी संख्या में लोग इस गड़बड़ आदत के शिकार हैं।



किडनी और लिवर की दिक्कतें न सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती हैं, साथ ही इसके जानलेवा दुष्प्रभावों का भी खतरा रहता है, इसलिए जरूरी है कि इस आदत से समय रहते दूरी बना लिया जाए।

### धूम्रपान से होने वाले नुकसान

धूम्रपान, किडनी-लिवर दोनों अंगों को कई तरह से गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकती है। इतना ही नहीं इससे किडनी के कैंसर का जोखिम भी बढ़ सकता है। धूम्रपान आपके हृदय और रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाती है, जिससे किडनी में रक्त का प्रवाह बाधित हो जाता है और किडनी की दिक्कतें भी बढ़ सकती हैं।

इसी तरह से धूम्रपान करने वाले लोगों के लिवर में वसा के निर्माण और लिवर में सूजन का भी खतरा अधिक देखा जाता रहा है। इस तरह के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए धूम्रपान छोड़ना एक प्रभावी तरीका हो सकता है।

### शराब से हो सकती हैं गंभीर बीमारियां

धूम्रपान की ही तरह से शराब के कारण भी लिवर-किडनी से संबंधित गंभीर बीमारियों के विकसित होने का जोखिम रहता है। अल्कोहल का अधिक सेवन करने वाले लोगों में समय के साथ लिवर सिरोसिस और लिवर कैंसर जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी के विकसित होने का खतरा हो सकता है। लिवर की ही तरह शराब के कारण किडनी पर भी नकारात्मक असर हो सकता है। अत्यधिक शराब के सेवन से किडनी में तरल पदार्थ, इलेक्ट्रोलाइट का संतुलन बाधित हो सकता है। शराब पीने वाले लोग किडनी से संबंधित कई गंभीर समस्याओं के प्रति संवेदनशील हो जाते हैं।

### कैसे रखें इन अंगों का ख्याल

विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाइल और आहार में कुछ प्रकार के बदलाव आपकी किडनी-लिवर को स्वस्थ रखने में सहायक हो सकते हैं। इसके लिए वजन को कंट्रोल रखना, संतुलित आहार का सेवन करना, नियमित रूप से व्यायाम करना जरूरी हो जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमें बिना डॉक्टर की सलाह के ओवर-द-काउंटर दवाओं के सेवन से भी बचना चाहिए। शराब-धूम्रपान से दूरी बनाए रखना संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने में मददगार हो सकता है।



# नेशनल मास्टर्स टेबल टेनिस के लिए छत्तीसगढ़ की टीम तैयार



■ इंदौर में होगा मुकाबला, आज रवाना होगी टीम

**रायपुर।** भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वावधान में मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संघ द्वारा इंदौर में 31वीं नेशनल मास्टर्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता 17 से 23 फरवरी तक आयोजित की जा रही है। उक्त प्रतियोगिता हेतु मुख्य अतिथि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आंचलिक कार्यालय रायपुर के अंचल प्रमुख (छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा) बी.आर. रामा कृष्णा और अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने मास्टर्स टेबल टेनिस टीम की घोषणा की। इस दौरान टीम को सेंट्रल बैंक आफ इंडिया द्वारा प्रायोजित टी शर्ट का वितरण किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ मास्टर्स टीम 15 फरवरी को रवाना होगी।

टीम में पुरुष (आयु वर्ग 40) रजनीश ओबेरॉय- कप्तान (दुर्ग), चिरंजीत राय (रायपुर महानगर), संदीप चटर्जी (रायपुर महानगर), नामित कोठारी (रायपुर), दीपक वर्मा (रायपुर) महिला (आयु वर्ग 40) सुश्री दिव्या आमदे- कप्तान (रायपुर महानगर), सुश्री प्रमिला देवांगन (रायपुर महानगर), डॉ. स्वाति बांठिया (रायपुर) पुरुष (आयु वर्ग 50) संजय लहेजा- कप्तान (बिलासपुर), डॉ. अविनाश इंगले (रायपुर महानगर), मार्कण्ड गोखले (रायपुर महानगर), राजीव काले (रायपुर), प्रमोद के. मौर्या (खैरागढ़), विनय केजरीवाल (रायपुर महानगर) महिला (आयु वर्ग 50) प्रमिला ठाकुर (रायपुर महानगर) पुरुष (आयु वर्ग 60)- (ए) सुशांत बोरवनकर- कप्तान (रायपुर), पवन शादीजा (रायपुर), शेन स्टीफन (रायपुर), लोकेन्द्र सिंह साहू (दुर्ग), रविन्द्र बारगथ (दुर्ग) पुरुष (आयु वर्ग 60)- (बी) अरुण बावरिया- कप्तान (रायपुर), विमल नायर (रायपुर), योगेश प्रधान (रायपुर), एस.ए. अली (रायपुर), मोहम्मद शफीक (रायपुर) महिला (आयु वर्ग 60) रेणुका सुब्बा (रायपुर), अर्चना जोशी (रायपुर), गीता पंडित (रायपुर) पुरुष (आयु वर्ग 65)- (ए) के. रविशंकर - कप्तान (बिलासपुर), पी.एन. मजूमदार (कोरिया), अजीत बनर्जी (रायपुर), एस.व्ही. पेंढारकर (रायपुर महानगर), आर.एन. केलकर (दुर्ग) पुरुष (आयु वर्ग 65)- (बी) तरुण राठोड (रायपुर), प्रदीप जोशी- कप्तान (रायपुर), जितेश एम. राठोड (रायपुर महानगर) महिला (आयु वर्ग 65) ईरा पंत (रायपुर), गौरी डे (बिलासपुर) पुरुष (आयु वर्ग 70) सुहास व्ही. पेंढारकर- कप्तान (दुर्ग), तपन कुमार डे (बिलासपुर), प्रदीप जनवदे (रायपुर), मलय चक्रबर्ती (बिलासपुर), सुरजीत सेनगुप्ता (बिलासपुर) महिला (आयु वर्ग 70) सुश्री शरबरी मोइत्रा (बिलासपुर) पुरुष (आयु वर्ग 75) डा. भरत अग्रवाल- कप्तान (खैरागढ़), प्रदीप सूद (दुर्ग), मूलचंद जैन (दुर्ग) और पुरुष (आयु वर्ग 80) एच.के. ओबेरॉय (दुर्ग) शामिल हैं। टीम के कोच प्रदीप जोशी (रायपुर) एवं मैनेजर विमल नायर (रायपुर) है। छत्तीसगढ़ से प्रतियोगिता में अंपायरिंग के लिए प्रवीण निरापुरे (रायपुर), आकाश श्रीवास्तव (बिलासपुर), हर्ष राजपूत (रायपुर) और पुलकित यदु (गरियाबंद) को चुना गया है।

### किस विधि से माथे पर लगाना चाहिए चंदन?

सनातन धर्म में माथे पर तिलक लगाने की परंपरा प्राचीन समय से चली आ रही है। इसके लगाने का विशेष महत्व है। हिंदू धर्म में माथे पर तिलक लगाना सभ्यता और संस्कृति का प्रतीक है। किसी भी शुभ काम का आयोजन होने से पहले माथे पर तिलक लगाया जाता है। तिलक लगाने का आशय है कि किसी भी शुभ कार्य में लगाया जाने वाला शुभ चिह्न। तिलक दोनों भौहों के बीच लगाया जाता है। ज्योतिष शास्त्र में अनामिका अंगुली या छोटी अंगुली के



पास वाली अंगुली से माथे पर लाल चंदन लगाने से कुंडली में स्थित सूर्य (सूर्य मंत्र) की स्थिति मजबूत हो सकती है और व्यक्ति को कभी अशुभ प्रभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा। अनामिका अंगुली से लाल चंदन लगाने पर व्यक्ति को मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है और शुभ योग भी बनते हैं। अगर आप पीले चंदन को अपने माथे पर लगा रहे हैं, तो सीधे डिब्बे से निकालकर न लगाएं। उसे पहले अपनी हथेली पर रखें और उसे घिसकर फिर अपने माथे पर लगाएं।



## पढ़ाई से जी चुराने वाले बच्चे भी खुद से बैठने लगेंगे पढ़ने

बच्चे ज्यादातर पढ़ाई करने में आनाकानी करते हैं। ऐसे में जरूरी है कि पेरेंट्स उनके भविष्य के लिए पहले से ही तैयार रहें। इसके लिए हमने आर्टेमिस अस्पताल के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विज्ञान के प्रमुख मनोचिकित्सक व प्रमुख सलाहकार डॉ. राहुल चंडोक से बातचीत की है। उन्होंने बताया कि पढ़ाई से जी चुराने वाले बच्चों के लिए पेरेंट्स को कुछ महत्वपूर्ण बातें ध्यान रखने की जरूरत है। एक्स्पर्ट ने इसके लिए कई टिप्स भी बताए हैं, जिसे फॉलो करने के बाद आपके बच्चे खुद व खुद पढ़ने के लिए बैठने लगेंगे। तो चलिए जानते हैं उन कमाल की पेरेंटिंग टिप्स के बारे में।

### बच्चों के साथ बनाए रखें कम्युनिकेशन

बच्चों को समझाने और उन्हें कामयाब बनाने के लिए बेहद जरूरी है कि आप अपने बच्चों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें। ताकि, वह आपके साथ कंफर्टेबल महसूस करे। साथ ही, आपसे अपनी समस्याओं को साझा कर सकें। इससे उनके अंदर आत्मविश्वास बढ़ेगा और पढ़ाई में भी उत्साह मिलेगा।

### बच्चों के प्रश्नों का उत्तर दें



माता-पिता होने के नाते बेहद जरूरी है कि आप अपने बच्चों की पढ़ाई को विशेष महत्व दें। उन्हें हर कदम पर सहारा दें। बच्चे जब भी कोई सवाल करें, तो उनके प्रश्नों का उत्तर अवश्य दें। साथ ही, अगर उन्हें किसी टॉपिक में दिक्कत आ रही है, तो उनकी समस्याओं का हल भी जरूर निकालें। इससे बच्चे को भी महसूस होगा कि उनकी मेहनत को सम्मान दिया जाता है। इस तरह वे अपने अध्ययन में विश्वास रखेंगे और खुद से पढ़ने बैठ जाएंगे।

### प्रोत्साहन में न करें कमी

बच्चे को आगे बढ़ाने के लिए बेहद जरूरी है कि आप उन्हें समय-समय पर प्रोत्साहित करते रहें। साथ ही, उन्हें स्वतंत्र महसूस करवाएं। उन्हें हर टाइम सिर्फ पढ़ाई करने के लिए न बोलें। समय-समय पर छुट्टी भी दीजिए। उन्हें संगठित रूप से पढ़ने की सलाह दें। साथ ही, उन्हें स्वतंत्रता भी दें कि वे अपने तरीके से सोच सके और पढ़ सके।(आपका बच्चा नहीं कर पा रहा पढ़ाई?)

### प्रेरित करें

एक्स्पर्ट ने आखिर में यह भी सलाह दिया कि बच्चों की पढ़ाई में इंटरेस्ट जगाने के लिए जरूरी है कि आप उन्हें प्रेरित करें। साथ ही, उन्हें उनके लक्ष्यों के प्रति उत्साहित करें और हमेशा उनकी इच्छाशक्ति के लिए उन्हें बधाई दें।

इन सभी पेरेंटिंग टिप्स का पालन करने से, बच्चे खुद से पढ़ने लगेंगे और उनकी पढ़ाई में भी रुचि बढ़ेगी। यह एक कमाल की प्रक्रिया है, जो बच्चों के उज्जवल भविष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। अगर इसके बाद भी आपके बच्चे को पढाई मैं तकलीफ हो और उसके नंबर सही ना आ रहे हो तो किसी विशेषज्ञ से मिलकर सलाह ले।



# ऑनलाइन खरीदे गए सामान का नहीं मिल रहा रिफंड तो ऐसे करें शिकायत और पाएं पैसा वापस

अगर आपने किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे कि अमेजान, फ्लिपकार्ट और मिंत्रा आदि से ऑर्डर किया है, तो आप वहां से ऑर्डर को रद्द कर सकते हैं या फिर दिए गए इन तरीकों को फॉलो कर सकते हैं। ऑनलाइन खरीदारी करने में आज भी कई लोग हैं, जो घबराते हैं। असल में कई बार ऐसा होता है कि आपने ऑर्डर तो बुक कर दिया है, लेकिन डिलीवरी में गलत समान या गलत जगह पर आपकी डिलीवरी हो जाती है। तो अब परेशान होने की जरूरत नहीं है। ऐसे में आप रिफंड पाने के लिए या सामान वापस करने के लिए क्या कर सकते हैं? अगर आपने किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से ऑर्डर बुक किया है, तो आप वहां से ऑर्डर को रिफंड या रिप्लेस कर सकते हैं। वहीं, अगर आपने ऑर्डर ऑफलाइन किया है, तो आप कंज्यूमर केयर पर जा सकते हैं। ऑनलाइन खरीदारी में गलत सामान या गलत जगह पर डिलीवरी होने पर क्या करें? यहां कुछ तरीके दिए गए हैं।

### ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से ऑर्डर रद्द करना

अगर आपने किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे कि अमेजान, फ्लिपकार्ट और मिंत्रा आदि से ऑर्डर किया है, तो आप वहां से ऑर्डर को रद्द कर सकते हैं। आमतौर पर, ऑर्डर रद्द करने का विकल्प आपके ऑर्डर हिस्ट्री में उपलब्ध होता है। इसके लिए फ्लिपकार्ट पर जिस ऑर्डर को रिफंड या रिप्लेस करना है उस ऑर्डर को चुन लें। अब रिक्वेस्ट और रिटर्न के ऑप्शन पर क्लिक करें। ऑर्डर वेरिफिकेशन पूरा हो जाने के बाद जब ये प्रोसेस पूरा हो जाए तब आपके ऑर्डर का रिफंड आ जाएगा। कुछ ऐसा ही आपको अमेजान ऐप या वेबसाइट पर भी करना होगा। यहां आपको ट्रैक एंड मैनेज के ऑप्शन पर जाकर मांगी गई जरूरी डिटेल्स फिल कर दें। ऑर्डर रद्द करने के बाद, आपको एक रिफंड प्राप्त होगा, जो आपके बैंक खाते या क्रेडिट या डेबिट कार्ड में वापस आ जाएगा।

### कंज्यूमर केयर से संपर्क करना

अगर आपने किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के अलावा किसी अन्य वेबसाइट या विक्रेता से ऑर्डर किया है, तो आप कंज्यूमर केयर से संपर्क कर सकते हैं। कंज्यूमर केयर आपको रिफंड या सामान वापस करने में मदद कर सकता है। आप कंज्यूमर केयर को फोन, ईमेल या चैट के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

### कानूनी कार्रवाई करना

आपने कोई सामान ऑफलाइन खरीदा हो तो आप कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट 2019 के तहत सेलर के पास गलत ऑर्डर के लिए एक लीगल नोटिस भेज सकते हैं। अगर 30 दिन में रिफंड नहीं आता है तो आप कंज्यूमर फोरम में भी शिकायत कर सकते हैं।



# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### बेहद डरावना है 'अनटिल डॉन' का दूसरा ट्रेलर, भारतीय दर्शकों को बेसब्री से इंतजार

सोनी पिक्चर्स ने अपनी आगामी हॉरर फिल्म 'अनटिल डॉन' का दूसरा ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इसके साथ ही फिल्म के खौफनाक पोस्टर्स भी



निर्माताओं ने जारी किए हैं। ट्रेलर देखने के बाद फैंस की उम्मीदें इस फिल्म से काफी ज्यादा बढ़ चुकी हैं। इस फिल्म का निर्देशन प्रसिद्ध निर्देशक डेविड एफ सैंडबर्ग ने किया है।

यह प्लेस्टेशन स्टूडियो के मशहूर गेम पर आधारित फिल्म है। फिल्म में देखने को मिलेगा कि जब क्लोवर (एला रूबिन) और उसके दोस्त अपनी गायब बहन को ढूंढने के लिए एक सुनसान घाटी में जाते हैं तो वे एक ऐसे डरावने मंजर में फंस जाते हैं, जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। फिल्म में एला रुबिन, माइकल सिमिनो, ओडेसा एज़ियन, जी-यंग यू, बेलमोंट कैमेली, मैया मिशेल और पीटर स्टॉर्मेयर जैसे सितारे मुख्य भूमिका में हैं। इसकी पटकथा ब्लेयर बटलर और गैरी डौबरमैन ने लिखी है। अनटिल डॉन का ट्रेलर काफी ज्यादा खौफनाक है, जिसके बाद लोग इस फिल्म में डरावने ट्विस्ट होने की उम्मीद जता रहे हैं। सोनी पिक्चर्स एंटरटेनमेंट इंडिया इस फिल्म को 25 अप्रैल 2025 को भारतीय सिनेमाघरों में विशेष रूप से रिलीज करेगा।

## टॉलीवुड

### तेलुगु फिल्में लीक करने वालों की अब खैर नहीं, निर्माताओं ने लिया कड़ा एक्शन!

पिछले कुछ महीनों में रिलीज होने वाली कई फिल्में रिलीज के कुछ घंटे या कुछ दिनों बाद वेबसाइटों पर एचडी प्रिंटों में रिलीज कर दी गई थी। जिस वजह से फिल्मों निर्माताओं में काफी नाराजगी देखने को मिली। इस कारणवश निर्माताओं ने कुछ कड़े फैसले लिए, जिससे इसको रोका जा सके। हाल के दिनों में रिलीज होने वाली



फिल्में पुष्पा 2, कल्कि 2898, देवरा पार्ट 1 और तंडेल फिल्मों को रिलीज के कुछ दिनों में ही ऑनलाइन लीक कर दिया गया था। इस वजह से इन फिल्मों की कमाई पर भी असर पड़ा था। अल्लू अरविंद, बनी वास और दिल राजू जैसे प्रमुख तेलुगु फिल्म निर्माताओं के साथ-साथ अभिनेता विश्वक सेन और अंजलि ने बढ़ते हुए पाइरेसी खतरे पर अपनी चिंता व्यक्त की है। साथ ही शिकायत भी दर्ज करवाई है।

नागा चैतन्य और साई पल्लवी अभिनीत फिल्म 'तंडेल', जिसका निर्देनशन चंदू मोंडेती द्वारा किया गया है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ठीक ठाक प्रदर्शन कर रही है और पहले हफ्ते में ही इस फिल्म ने दुनियाभर में 62 करोड़ रुपये कमाए। लेकिन फिर इस फिल्म के लीक होने की सूचना मिलती है, जिस कारण कहा जाता है कि इस फिल्म के कलेक्शन पर इसका प्रभाव हुआ है।

निर्माता अल्लू अरविंद ने बताया कि हम सभी के प्रयास और ओटीटी के आने की वजह से पाइरेसी का खतरा कुछ कम हुआ था, लेकिन फिर से यह भयानक रूप ले रहा है। उन्होंने कहा कि लगता है लोगों को यह पता नहीं है कि इस तरह से फिल्में अपलोड करना और डाउनलोड करना गैरकानूनी है। साथ ही यह भी कहा कि शिकायत की गई है जल्द ही लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा। निर्माता वास ने कहा ऐसा ही मामला 'गीता गोविंदम' फिल्म का सामने आया था, जिसका आरोपी जेल की हवा खा रहा है। 'तंडेल' फिल्म के निर्माता वास और अरविंद ने ऐसा किसी भी लीक मामले की सूचना मिलने पर दिए गए हेल्पलाइन नंबर पर बताने का आग्रह किया है

## भोजपुरी

### 'दामाद जी किराए पर हैं-2' का ट्रेलर रिलीज मां की जिंदगी बचाने के लिए बिका ये दूल्हा

भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार यश कुमार के जन्मदिन के खास मौके पर उनकी मोस्ट अवेटेड फिल्म 'दामाद जी किराए पर हैं-2' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म का पहला पार्ट काफी सफल रहा था और दर्शकों ने इसे खूब सराहा था, जिसके बाद फिल्म का दूसरा



पार्ट बनाया गया है। यह ट्रेलर दर्शकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और इसे खूब सराहा जा रहा है। फिल्म में यश कुमार के साथ सपना चौहान नजर आ रही हैं, जो एक सिंगल मदर की भूमिका में हैं। इस फिल्म का निर्माण यश कुमार एंटरटेनमेंट और निधी मिश्रा ने किया है, जबकि निर्देशन की कमान अजय श्रीवास्तव ने संभाली है। फिल्म की कहानी, पटकथा और संवाद राकेश त्रिपाठी ने लिखे हैं। ट्रेलर में मां की ममता, सामाजिक संवेदनशीलता, एक्शन, कॉमेडी और मनोरंजक गानों का मिश्रण देखने को मिला, जिससे यह फिल्म पारिवारिक दर्शकों के लिए बेहद खास होने वाली है। यश कुमार ने अपने जन्मदिन पर ट्रेलर रिलीज होने को लेकर खुशी जताई और कहा, 'यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। हमने इसमें एक अनोखी और दिल को छू लेने वाली कहानी प्रस्तुत की है। मुझे पूरी उम्मीद है कि दर्शकों को यह फिल्म बेहद पसंद आएगी।'

निर्देशक अजय श्रीवास्तव ने फिल्म के ट्रेलर रिलीज़ के बाद कहा कि भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बना चुके यश कुमार की यह फिल्म न केवल मनोरंजन देगी।

## कजाक जलवा




कजाकिस्तान के शीर्ष डिजाइनरों ने अल्माटी में कजाकिस्तान फैशन वीक में अपने नवीनतम लाइनअप प्रदर्शित किए। मॉडल यहां ओपेरा और बैले के राष्ट्रीय शैक्षणिक थिएटर के डिजाइन हाउस डी-सिटोवा में डिजाइनर नायिल बैकुचुकोव की डिजाइन को पेश किया। जिसे भरपूर तारीफ मिली।

# ब्राइडल लुक को खास बनाएंगे नेल आर्ट के ये डिजाइंस

शादी का दिन हम सभी के लिए बेहद खास होता है और इस दिन के लिए हम अपने लुक को खूबसूरत बनाने के लिए हर छोटी-बड़ी चीज का खास ख्याल रखना बेहद पसंद करते हैं। वहीं हाथों की बात करें तो आजकल नकली नाखूनों का चलन काफी बढ़ गया है।

आजकल आपको नेल आर्ट के कई डिजाइंस ऑनलाइन भी आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन जब बात ब्राइडल लुक की आती है तो डिजाइन को चुनने के लिए हम कंफ्यूज हो जाते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं नेल आर्ट के कुछ आकर्षक डिजाइंस जो खासकर होने वाली दुल्हन के हाथों की शोभा बढ़ाने में मदद करेगा।

### स्टोन नेल आर्ट डिजाइन

स्टोन डिजाइन के नेल आर्ट देखने में काफी प्रीमियम लुक देने में मदद करते हैं। वहीं आप हर उंगली पर स्टोन को न लगाए और केवल १ या ज्यादा से ज्यादा 2 नाखूनों पर ही स्टोन के जरिये डिजाइन बनाये। इस तरह के हैवी नेल आर्ट डिजाइन को आप शादी के हर फंक्शन के लिए आसानी से कैरी कर सकती हैं।

### ऑम्ब्रे नेल आर्ट डिजाइन

थोड़ा अलग लुक पाना चाहती हैं इस तरह का डूअल कलर ऑम्ब्रे नेल आर्ट डिजाइन को अपने ब्राइडल लुक के लिए चुन सकती हैं। इस तरह के नेल आर्ट के साथ आप ग्लिटर, शिमर, ग्लॉस, स्टोन या नेल स्टीकर तक का इस्तेमाल आसानी से कर सकती हैं।

### ग्लिटर नेल आर्ट डिजाइन



चमकने वाले नेल आर्ट डिजाइन को पसंद करती हैं तो इस तरह से एक या दो उंगलियों को छोड़कर आप बाकी के नाखूनों पर बारीक पार्टिकल वाले शिमर का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसे नाखूनों पर चिपकाने के लिए आप नेल ग्लू की सहायता ले सकती हैं।

### फ्लोरल नेल आर्ट डिजाइन

वहीं अगर आप सिंपल डिजाइन के नेल आर्ट को बनवाना चाहती हैं तो इस तरह से व्हाइट कलर की नेल पेंट की मदद लेकर फूल बना सकती हैं। चाहे तो इस तरह का डिजाइन आप खुद घर पर टूथपिक की सहायता लेकर भी बना सकती हैं। इसके अलावा आप बारीक डिजाइन का स्टोन भी इसपर लगा सकती हैं।

# मौजूदा ट्रेंड की साड़ियां पार्टियों में बन सकती हैं एक बेहतरीन विकल्प




आज के समय में कई तरह की साड़ियां चलन में हैं। ट्रेंड में क्या चल रहा है, इसके लिए ज्यादातर महिलाएं बॉलीवुड अभिनेत्रियों के लुक्स देखती हैं। ज्यादा लुक्स देखने के बाद भी उन्हें समझ नहीं आता कि वो कैसी साड़ी का चयन करें। महिलाओं की इसी परेशानी को देखते हुए आपको ऐसी साड़ियों का बारे में बताने जा रहे हैं, जो आजकल चलन में हैं।



**सिल्क साड़ी:** अगर आप ऐसी साड़ी की तलाश में है जो शादी से लेकर त्योहारों तक में आपके काम आ सके तो सिल्क की साड़ी एक बेहतर ऑप्शन है। ये किसी भी कार्यक्रम के लिए काफी सही विकल्प है, ऐसे में आप इसे खरीद कर रख सकती हैं।

**नेट साड़ी:** अगर साड़ी में ग्लैमरस अंदाज दिखाना चाहती हैं तो नेट की साड़ी आजकल चलन में है। इस तरह की साड़ियां युवतियों को ज्यादा पसंद आती है। ऐसे में अगर आप साड़ी पहनकर अपना ग्लैमरस अंदाज दिखाना चाहती हैं तो नेट की साड़ी एक बेहतर विकल्प है।

**शिफॉन साड़ी:** शिफॉन की सिंपल साड़ी को हैवी वर्क वाले ब्लाउज के साथ पहनने पर इसका लुक और ज्यादा खिल कर सामने आता है। इस तरह की साड़ी भी आजकल काफी ट्रेंड में है।

**आर्गेन्जा साड़ी:** ये उन महिलाओं के लिए काफी परफेक्ट है, जिन्हें हैवी साड़ी पहनने में परेशानी होती है। अगर आपके साथ भी ये दिक्कत है तो आप आर्गेन्जा साड़ी खरीद सकती हैं। इसे पहनकर काफी रॉयल लुक सामने आता है।

**सूती साड़ी:** अभी उमस वाला मौसम चल रहा है, ऐसे में आप अपने लिए सूती साड़ी खरीद सकती हैं। हैवी बॉर्डर वाली सूती साड़ी देखने में काफी खूबसूरत लगती है।

**बांधानी साड़ी:** पूजा-पाठ के समय के लिए बांधानी साड़ी काफी बेहतर विकल्प है। इसे हर उम्र की महिला पहन सकती है। ऐसी साड़ी महिलाओं को ज्यादातर पसंद आती है।



# हर मेकअप प्रोडक्ट के लिए इस्तेमाल करें अलग ब्रश

सही से मेकअप करना एक कला है, ऐसे में ठीक कला की ही तरह मेकअप के लिए भी सही प्रकार के ब्रश की जरूरत पड़ती है। अगर आप मेकअप के दौरान गलत ब्रश का इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपका मेकअप बिगड़ सकता है। बहुत सी महिलाओं और युवतियों को ये पता ही नहीं है कि किस तरह के ब्रश का इस्तेमाल किस मेकअप प्रोडक्ट को लगाने में किया जाता है। ऐसे में आज के लेख में हम आपको अलग-अलग प्रोडक्ट के लिए अलग ब्रशों का इस्तेमाल करना बताएंगे।

**फाउंडेशन ब्रश:** लिक्विड फाउंडेशन का इस्तेमाल करने से लिए सबसे पहले फाउंडेशन ब्रश का ही इस्तेमाल करना चाहिए। इस ब्रश की मदद से फाउंडेशन बराबर मात्रा में फैलता है और फ्लोलेस कवरेज देता है। फाउंडेशन ब्रश की मोटाई अच्छी खासी होती है और इसे ब्रिसल्स मुलायम व लचीले होते हैं।

**फैन ब्रश :** जब मेकअप करते वक्त चेहरे पर अतिरिक्त पाउडर लग जाता है तो ये ब्रश इसे हटाने में मदद करता है। यह आकार में फैन की तरह चपटा होता है, इसलिए इसे फैन ब्रश बोलते हैं।



**आईशैडो ब्रश:** अगर आपको आई मेकअप करना पसंद है तो आईशैडो ब्रश के बारे में आपको पता होना बेहद जरूरी है। आईशैडो के लिए अलग-अलग प्रकार के ब्रश आते हैं। ऐसे में इन्हें अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें।

**लिप ब्रश:** सही से लिपस्टिक लगाने के लिए लिप ब्रश काफी जरूरी होता है। ऐसे में आप इसे जरूर अपने बैग में रखें। ये ज्यादा मोटा नहीं होता है। इससे लिपस्टिक लगाने में आसानी होती है।

**आईलाइनर ब्रश:** सही से आईलाइनर लगाने के लिए आपको इस ब्रश की काफी जरूरत पड़ने वाली है। इस ब्रश में सिलिकॉन के काफी महीन ब्रिसेल्स होते हैं, ताकि लाईनर को सही तरीके से लगाया जा सके।

# गोल चेहरे के लिए अपनाएं अलग हेयर स्टाइल्स

वैसे तो हर चेहरा बेहद खूबसूरत होता है और इसकी खूबसूरती को बढ़ाने के लिए हम कई तरह की चीजें करना पसंद करते हैं। वहीं गोल चेहरे की बात करें तो इस पर लगभग हर तरह का हेयर स्टाइल बेहद खूबसूरत नजर आता है, लेकिन कई हेयर स्टाइल मिस्टेक्स ऐसी भी होती हैं जो आपके लुक को बिगाड़ भी सकती हैं।

गोल चेहरा ज्यादातर बेहद चबी होता है और इस तरह के आकर के चेहरे पर स्लीक बैक हेयर स्टाइल बहुत कम ही खूबसूरत नजर आते हैं। इस तरह के चेहरे पर पोनी टेल बनाते समय आप बालों को ज्यादा टाइट न खींचे अन्यथा आपका माथा बेहद चौड़ा नजर आने लगेगा। ठीक उसी तरीके से टाइट पोनी टेल बनाने से आपका चेहरा काफी बड़ा भी दिखाई देगा। इसके अलावा बालों को तेज खींचने के कारण बाल टूट भी सकते हैं।

### गोल चेहरे के लिए हेयर स्टाइल बनाते समय रखें इन बातों का खास ख्याल

गोल चेहरे पर हेयर स्टाइल बनाते समय आपको बालों को टाइट नहीं खींचना चाहिए ताकि आपका चेहरा बड़ा और अजीब न नजर आए। इसके अलावा



आप हेयर स्टाइल को चुनते समय बालों में बाउंस जरूर दें ताकि आपके बालों पर बना कोई भी हेयर स्टाइल आपके चेहरे के आकार को मैच करें। चेहरे के आकार को आकर्षक बनाने के लिए आगे की ओर फ्लिक्स जरूर छोड़ें। चाहे तो आगे के बालों को आप हेयर कर्लर की मदद से थोड़ा बाउंसी लुक भी दे सकती हैं। वहीं अगर आपके बाल पतले हैं तो आप बाउंसी लुक पाने के लिए बैक कॉम्ब भी कर सकती हैं।

## कार्नर न्यूज

### जरूरी नहीं कि महंगे कपड़े ही आपका लुक बदलें

# सिंपल कपड़ों में भी रॉयल लुक चाहिए तो अपनाने होंगे कुछ टिप्स, तारीफ करते नहीं थकेंगे लोग

महंगे और ब्रांडेड कपड़ों को पहनने से ही एक्सपेंसिव लुक नहीं पाया जा सकता है। अगर आपके पास सिंपल और सस्ती ड्रेस हैं तो भी उनको लग्जरी बना सकते हैं। खासकर, रॉयल लुक पाने की इच्छा रखने वाले लड़कों के लिए ये टिप्स काम आ सकते हैं। किसी अमीर आदमी को देखने के बाद कई बार हम सोचते भी हैं कि क्या उनकी तरह हम ड्रेस नहीं पहन सकते? मैं आपको बता दूं उन्होंने भले ही उसके बहुत पैसे खर्च किए होंगे लेकिन आप कम खर्च करके की भी वैसा लुक पा सकते हैं। क्योंकि स्टाइल सीक्रेट्स या फैशन रूल्स फॉलो करने से कोई भी ऐसा दिख सकता है।

### अट्रैक्टिव दिखना है जरूरी

सिंपल कपड़ों को पहनने में कोई बुराई नहीं। हमें कभी भी ड्रेस को लेकर किसी के साथ तुलना नहीं करनी चाहिए। हां, लेकिन अट्रैक्टिव दिखने के मामले में किसी से पीछे नहीं रहना चाहिए। किसी भी ड्रेस और स्टाइल को अट्रैक्टिव बनाया जा सकता है। जिससे एक अलग ही



रुतबा देखने को मिलता है।

### कलर मैचिंग का जादू

रंगों का जादू हर किसी पर चलता है। सोचिए, अगर रंग न होते ये जीवन बस कोरा रहता। रंग किसी भी चीज को सुंदर बना देते हैं। इसलिए लुक को दमदार बनाना है तो कलर मैजिक वाली बात समझ लें। तब जाकर आपका रंग जमेगा और रंग चढ़ेगा।

पहली बात- अगर आपको एकदम रॉयल लुक चाहिए तो नीचे से लेकर ऊपर तक दो या तीन कलर कॉम्बिनेशन वाली ड्रेस व एसेसरीज पहनें। इससे अधिक कलर पहनने पर फंकी दिखेंगे। यह एक अलग स्टाइल हो गया।

### शर्ट, कोट, ब्लैजर के बटन

शर्ट, कोट, ब्लैजर खरीदते वक्त फैब्रिक, कॉलर, कफ स्टाइल, फिटिंग के साथ बटन पर ध्यान दें। क्योंकि बटन लुक पर असर डालते हैं। अगर शर्ट के बटन पुराने हैं तो इम्प्रेसिव नहीं होंगे। कई बार नई शर्ट के साथ भी यह फॉर्मूला ट्राय करें। अगर बटन पुराने हो गए हैं तो उनको भी बदल दें।

### टाई पहनें

एक्सपेंसिव लुक के लिए लोगों को टाई पहननी चाहिए। क्योंकि इससे अलग ही इम्प्रेसन पड़ता है। इसलिए ओकेजन के हिसाब से जहां जरूरी हो टाई पहनें। लेकिन उसको



सही तरीके से बांधे और हां शर्ट के हिसाब से चूज करें। क्योंकि मैचिंग बहुत मायने रखती है। टाई पहननी है इसलिए कुछ भी टांग लेने से बात नहीं बन सकती।

### कोट / ब्लेजर/ जैकेट पहनें

एक्सपेंसिव या रॉयल लुक चाहिए तो कोट / ब्लेजर/ जैकेट खरीद लें। आपको पता ही है कि कोट और ब्लेजर पहनने वालों पर अधिकतर लोगों की नजर पड़ती है। भीड़ में भी ये लोग अलग ही दिखाई पड़ते हैं। इसलिए अपनी वार्डरोब में कम से कम एक से दो ऐसी ड्रेस रखें।